नई दिल्ली, शुक्रवार 14 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष –10 ■ वर्ष : 29, अंक : 211 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 26 न्यून. 13 haribhoomi.com



हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बाल दिवस आज



अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी 'शिपमेंट' और 'पैकेज' जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे


# जनवरी में लाल किले की कई बार की गई थी रेकी, आतंकी विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से करते थे बात





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी यानी सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई लालकिला क्षेत्र की पहले भी रेकी कर चुका है। उसके मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी ▶▶ शेष पेज 5 पर



आतंकी उमर नबी

▶▶ **आतंकी उमर का उसकी मां के सैंपल से डीएनए मैच, कार में वही था, उसने ही खुद को उड़ाया था**

▶▶ **जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोड वर्ड्स को बरामद किया, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ**

### आतंकियों के तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि ये रेकी 26 जनवरी को ऐतिहासिक स्मारक को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी, जो उस समय क्षेत्र में गहन गश्त के कारण विफल हो गई होगी। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को उनके पासपोर्ट में तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले हैं और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या दोनों अपनी यात्रा के दौरान किसी विदेशी आका से भी मिले थे। पुलिस द्वारा जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय गृह मंत्री शाह का सख्त संदेश

### दोषियों को ऐसी सजा देंगे भविष्य में कोई हमले के बारे सोच भी नहीं पाएगा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। शाह ने कहा, जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है ▶▶ शेष पेज 5 पर



दिल्ली रेड फोर्ट ब्लास्ट केस की जांच

अल-फलाह यूनिवर्सिटी तक पहुँची, संस्थापक जावेद अहमद सिद्दीकी पर शिकंजा कसा

# मप्र के मऊ में जन्मे सिद्दीकी की जन्म कुंडली खंगाल रही हैं एजेंसियाँ

**पुराने घोटाले और कॉर्पोरेट नेटवर्क की फ़ाइल भी पलटी जा रही**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लाल किला कार ब्लास्ट की जांच अब एक नए मोड़ पर पहुँच गई है। जांच एजेंसियों ने अब फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक और प्रबंध न्यासी जावेद अहमद सिद्दीकी को जांच के दायरे में लिया है। यह वही यूनिवर्सिटी है, जहाँ इस मामले के तीन मुख्य आरोपियों में से दो — डॉ. शाहीन सईद और डॉ. मुझम्मिल शकील कार्यरत थे। गौरतलब है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी पहले से ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में है। जांच एजेंसियों के अनुसार, सिद्दीकी का "विस्तृत कॉरपोरेट नेटवर्क" और एक पुराना 7.5 करोड़ का धोखाधड़ी मामला, जिसमें उन्हें तीन वर्ष की सजा भी हुई थी, अब समानांतर जांच के केंद्र में है।

### कानूनी सलाहकार ने किया सभी आरोपों से इंकार

विश्वविद्यालय के कानूनी सलाहकार मोहम्मद राजी ने कहा कि "सिद्दीकी पर लगे 7.5 करोड़ के घोटाले या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी के आरोप निराधार हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. मुझम्मिल शकील की नियुक्ति के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, क्योंकि नियुक्ति और सत्यापन की प्रक्रिया कुलपति की जिम्मेदारी होती है।

### सिद्दीकी का नेटवर्क और कंपनियों का साम्राज्य

मध्यप्रदेश के मऊ में जन्मे जावेद सिद्दीकी नौ कंपनियों के बोर्ड में हैं। ये सभी कंपनियाँ अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़ी हुई हैं । वही ट्रस्ट जो विश्वविद्यालय का संचालन करता है।

### इन नौ कंपनियों के नाम इस प्रकार हैं –

- अल-फलाह इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पहली कंपनी, 1992 में स्थापित)
- अल-फलाह मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (जहाँ डॉ. सईद, डॉ. शकील और अन्य आरोपी कार्यरत थे और कथित रूप से 32-कार सीरियल बम धमाके की साजिश यहीं रची गई)
- अल-फलाह डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
- अल-फलाह इंडस्ट्रियल रिसर्च फाउंडेशन
- अल-फलाह एजुकेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड
- एमजेएच डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
- अल-फलाह सॉफ्टवेर प्राइवेट लिमिटेड
- अल-फलाह एनर्जीज़ प्राइवेट लिमिटेड
- तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन

इनमें से ज्यादातर कंपनियाँ 2019 तक सक्रिय थीं, इसके बाद या तो बंद हो गईं या निष्क्रिय हो गईं।हालांकि, अल-फलाह मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन 1997 में इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में शुरू हुई थी और आज 78 एकड़ के विशाल परिसर में संचालित होती है। फिलहाल यह संस्थान नैक (राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद) की जांच के घेरे में भी है।

### पुराने घोटाले की फाइल फिर खुली

सूत्रों के अनुसार, जिस पुराने आपराधिक मामले की फाइल अब दोबारा खोली गई है, वह दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता ने सिद्दीकी और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अल-फलाह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जामिया नगर का पता, कई सवाल

सभी कंपनियों का पता दिल्ली के ओखला स्थित जामिया नगर के 'अल-फलाह हाउस' का है, जो अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का मुख्यालय भी है। यही से सिद्दीकी का पूरा नेटवर्क संचालित होता था। शिक्षा से लेकर निवेश, निर्माण, ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### रॉ प्रमुख जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार



नई दिल्ली। खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के प्रमुख पराग जैन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। कैबिनेट समिति ने आदेश जारी किया है। में कहा गया, सक्षम प्राधिकार ने कैबिनेट सचिवालय के सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार आईपीएस अधिकारी पराग जैन (पंजाब कैडर, 1989 बैच) को सौंपने की मंजूरी दी है। आदेश में यह भी कहा गया कि पराग जैन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी तुरंत प्रभाव से तब तक के लिए दी गई है, जब तक नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती या अगला आदेश जारी नहीं किया जाता।जैन को ऑपरेशन सिंदूर की रणनीतिक योजना बनाने वाले प्रमुख अधिकारियों में से एक माना जाता है।

बिहार चुनाव के आज आएंगे नतीजे, 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

# एग्जिट पोल की असली परीक्षा...पास होंगे या फेल या देखने को मिलेगा कोई नया खेल



नीतीश कुमार



तेजस्वी यादव

*बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एनडीए या महागठबंधन की सरकार? यह आज साफ हो जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आएंगे। राज्य के 38 जिलों के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जाएगी।

अगर पोस्टल बैलेट की गिनती 8:30 बजे तक पूरी नहीं भी हुई, तब भी ईवीएम से वोटों की गिनती समानांतर रूप से शुरू हो जाएगी। बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है। आयोग ने 14 नवंबर 2025 को सुचारू रूप से मतगणना प्रक्रिया के लिए भी प्रावधान किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बिहार का अगला सीएम कौन आज बताएगी ईवीएम**





भाजपा के लिए हलवाइयों ने लड्डू बनाने का काम पहले से ही शुरू कर दिया है

- ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत का अनुमान सिर्फ एक में महागठबंधन आगे
- 38 जिलों के 46 केंद्रों पर मतगणना होगी एक राउंड में 14 ईवीएम खुलेंगी
- किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी
- मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से रोक

### भाजपा दफ्तर पर पोस्टर लगा- बिहार है तैयार 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार

### एकमात्र एग्जिट पोल जो बिहार में बना रहा महागठबंधन की सरकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी हुए अधिकतर एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को भारी बढ़त के साथ बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, एक एग्जिट पोल ऐसा है जिसमें तेजस्वी यादव के महागठबंधन को जीत मिलते हुए दिखाई गई है। इस एजेंसी का नाम जर्नो मिरर है। इस एग्जिट पोल में महागठबंधन को 243 में से 130 से 140 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं, एनडीए को बहुमत से दूर रखते हुए 100 से 110 सीटों के बीच सिमटते हुए दिखाया गया है।

### मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर, कोलकाता से मंगाए फूल

नतीजे को लेकर दोनों गठबंधनों के दलों ने अपने-अपने तरीके से जश्न मनाने की तैयारी पहले से ही कर रखी है। पटना की अधिकतर बैंड पार्टी बुक हैं और मिठाइयां बनायी जा रही हैं। प्रत्याशी के समर्थक कोलकाता से फूल मंगा रहे हैं। जदयू प्रदेश कार्यालय में अभी से खुशी का माहौल दिख रहा है। प्रदेश मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी कहा गया है कि अपने घरों को वे सभी सजा लें। जदयू प्रदेश कार्यालय को बिजली के झालर और फूलों से सजाया जाएगा। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मतगणना से ठीक एक दिन पहले ही उत्सव के रंग में रंगने लगा है। यहां भाजपा कार्यालय में गुरुवार सुबह से ही सजावट, मिठाइयों के ऑर्डर और जश्न की तैयारियां चल रही हैं। कार्यकर्ता लगातार पोस्टर, बैनर और झंडे लगा रहे हैं। कार्यालय की दीवारों पर नए पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं, जिन पर लिखा है- बिहार है तैयार, 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार। इसके लिए कोलकाता से विशेष फूल मंगवाए जा रहे हैं, जबकि मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है।

पुणे में भीषण हादसा

### पुल पर ट्रक ने 6 गाड़ियों को मारी टक्कर, 9 मृत

एजेंसी ▶▶ पुणे



महाराष्ट्र में पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर गुरुवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। यह भीषण दुर्घटना नवले ब्रिज के पास हुई, जहां दो कंटेनर, एक मिनी बस और कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद वाहनों में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 9 लोगों की जलकर मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका ▶▶ शेष पेज 5 पर

कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

### सर्वदलीय बैठक को समय से पहले बुलाने की मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने दिल्ली आतंकी हमले में हुई खुफिया विफलता को लेकर मोदी सरकार से गंभीर सवाल पूछते हुए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और आगामी संसद सत्र को घोषित तारीख से पहले बुलाने की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि देश की राजधानी में लाल किले के पास बम धमाके ▶▶ शेष पेज 5 पर

बोले मार्को रुबियो...

### भारत मामले की जांच करने में सक्षम है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लालकिले के पास बीते 10 नवंबर की रात हुए कार धमाके को एक आतंकी हमला मानते हुए मामले पर जारी सघन जांच को लेकर अमेरिका ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि हमारी ओर से नई दिल्ली को मदद की पेशकश की गई है। लेकिन उन्हें हमारी मदद की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

देशभर में आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

# 1 से 10 नवंबर के बीच कई गिरफ्तारियां और हज़ारों किलो विस्फोटक बरामद,हुआ भंडाफोड़

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुरक्षा एजेंसियों ने 1 नवम्बर से 10 नवम्बर के बीच आतंकवाद के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाते हुए कई राज्यों में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत कई राज्यों में आतंकी नेटवर्कों का भंडाफोड़ किया गया।

गृहमंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि यही वजह थी कि आतंकी बड़े घटना को अंजाम देने में विफल रहे। चाँदनी चौक में हुई वारदात के बाद आतंकी मॉड्यूल पर ऐसी कार्रवाई होगी आतंक थर्राएगा।

सूत्रों ने कहा, सबसे बड़ी सफलता जम्मू-कश्मीर और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम को मिली, जिसने 2,921 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया। जांच में यह नेटवर्क जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद जैसे संगठनों से जुड़ा पाया गया। गिरफ्तार लोगों में कुछ डॉक्टर भी शामिल हैं।

सूत्रों ने हाल ही में आतंकी नेटवर्क कैसे कैसे ध्वस्त किए गए उसकी सिलसिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि अंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में लगी एजेंसियों चुपचाप काम कर रही हैं। कई तरह के आतंकी नेक्सस को अब तक बेपर्दा किया है। हाल के दिनों में हुई आतंक विरोधी कार्रवाई का ब्योरा सूत्रों ने कुछ इस तरह दिया। 10 नवम्बर — जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में बड़ी बरामदगी, 19 अक्टूबर को आपत्तिजनक पोस्टर मिलने के बाद शुरू हुई जांच में पुलिस ने क्रमिक कार्रवाई करते हुए कई गिरफ्तारियां कीं।, 5 नवम्बर तक हरियाणा और यूपी में डॉक्टरों समेत कई लोगों की गिरफ्तारी हुई। 9-10 नवम्बर को फरीदाबाद के धौज से एक व्यक्ति 'मदर्सी' को पकड़ा गया, जिसके बाद मेवात निवासी हाफ़िज़ मोहम्मद इश्तियाक़ के घर से 2,563 किलो विस्फोटक बरामद किया गया। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

**9 नवम्बर — पाकिस्तान ड्रोन कनेक्शन का पर्दाफाश**

गुजरात एटीएस ने उत्तर प्रदेश से दो युवकों और हैदराबाद के एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा ▶▶ शेष पेज 5 पर

*नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हॉल नंबर-5 में बनाया गया है हरियाणा पेवेलियन*

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेरेगा हरियाणा पेवेलियन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम से 14 नवंबर को शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) 2025 में हरियाणा पेवेलियन, हरियाणवी संस्कृति की छटा बिखेरेगा। भारत मंडपम में के हॉल नंबर-5 में एक भारत-श्रेष्ठ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### थीम वॉल पर दिखेगी हरियाणा की संस्कृति

उन्होंने बताया कि पैवेलियन में थीम वॉल में बनाई गई थीम वॉल हरियाणा के सांस्कृतिक गौरव का डिजिटल और भौतिक प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें सूरजकुंड मेला, गीता महोत्सव और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों जैसे प्रमुख प्रतीक चिन्हों को प्रदर्शित किया गया है। ये तत्व सामूहिक रूप से कला, अध्यात्म और विरासत में हरियाणा के कालातीत योगदान को दर्शाते हैं। एआर-आधारित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 22 एमएसएमई स्टॉल लगाए गए हैं

चौधरी ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन के स्टॉल क्षेत्र में हरियाणा के विभिन्न जिलों से विविध प्रदर्शक मौजूद हैं, जो राज्य के आर्थिक और रचनात्मक परिदृश्य की झलक पेश करते हैं। आगंतुक हरियाणा की विकास गाथा को गति देने वाली समृद्ध कलात्मकता और उद्यमशीलता को देख सकते हैं। हरियाणा ▶▶ शेष पेज 5 पर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ेगी देश की समुद्री सेना की मारक क्षमता

# नौसेना में अगले सप्ताह कमीशन होगा पहला पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'माहे' मुंबई में होगा भव्य समारोह, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से जारी तनाव के बीच भारतीय नौसेना के लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि अगले सप्ताह सोमवार (17 नवंबर) को उसके समुद्री जंगी बेड़े में पहला पनडुब्बी रोधी और उथले जल-क्षेत्रों में कार्यवाही करने में सक्षम (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) युद्धपोत आईएनएस 'माहे' कमीशन हो जाएगा।

इस बाबत मुंबई में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नौसेनाप्रमुख एडमिरल ▶▶ शेष पेज 5 पर





### 90 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री

माहे, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा स्वदेश में डिजाइन के साथ निर्मित किया गया युद्धपोत है। जिसकी एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी श्रेणी के आठ युद्धपोतों में से यह पहला युद्धपोत होगा। जो नौसेना के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### युद्धपोत का रणनीतिक महत्व

सीएसएल ने पिछले अक्टूबर महीने में माहे युद्धपोत की नौसेना को डिलीवरी की है। इसका निर्माण मुख्य रूप से नौसेना द्वारा पानी के अंदर निगरानी, खोज और बचाव कार्यों के लिए किया गया है। इसके अलावा यह युद्धपोत कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों (एलआईएमओ), एएसडब्ल्यू रॉकेट, समुद्री बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता के साथ ही नौसेना की तटीय पनडुब्बी रोधी ताकत को भी मजबूती प्रदान करेगा।

### पुडुचेरी के नगर के नाम पर मिला माहे नाम

इस श्रेणी के बाकी सात युद्धपोतों का निर्माण कार्य सीएसएल में अलग-अलग चरणों में चल रहा है। युद्धपोत का नामकरण देश के केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के एक नगर 'माहे' के नाम पर किया गया है। यह हल्के टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट, उन्नत सोनार और रडार से लैस है।

## लाल किले के पास दुकान की छत पर मिला कटा हाथ

# एक और घायल की मौत से मृतकों की संख्या हुई 13

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाल किले के पास हुए विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की एलएनजेपी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। विस्फोट में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 13 हो गयी है। मृतक की पहचान बिलाल के रूप में की गयी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार एलएनजेपी अस्पताल से बृहस्पतिवार सुबह बिलाल की मौत के बारे में सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि आज पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बिलाल की मौत के साथ ही सोमवार शाम को हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट में मरने वालों की कुल संख्या 13 हो गई है, जबकि दो दर्जन अन्य घायलों का उपचार जारी है।

विस्फोट स्थल के पास एक दुकान की छत पर बृहस्पतिवार सुबह एक कटा हुआ हाथ पाया गया। पुलिस के मुताबिक कटा हुआ यह हाथ विस्फोट स्थल से कुछ मीटर दूर जैन मंदिर के पीछे मिला। इसके बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर हाथ को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कटे हुए हाथ को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।



### उमर ही चला रहा था आई20 कार, डीएनए परीक्षण से हुई पुष्टि

**नई दिल्ली।** लाल किला विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए नमूनों के डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई है कि डॉ. उमर नबी ही उस आई20 कार को चला रहा था जिसमें विस्फोट हुआ था। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि उमर की मां के डीएनए नमूने मंगलवार को एकत्र किए गए थे और जांच के लिए यहां भेजे गए थे। विस्फोट स्थल और कार से एकत्र अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों का विश्लेषण किया गया। एक सूत्र ने कहा डीएनए के नतीजे इस बात की पुष्टि करते हैं कि वास्तव में उमर ही विस्फोट में इस्तेमाल कार चला रहा था। उमर इस सप्ताह की शुरुआत में पर्दाफाश किए गए एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का प्रमुख सदस्य था। वह जम्मू कश्मीर में पुलवामा के कोइल गांव का रहने वाला था। पुलिस द्वारा प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटों बाद सोमवार शाम को कार में उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हो गया था। पुलिस ने जम्मू कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद लगभग 3,000 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किया है। केस में कड़ी दर कड़ी जोड़ी जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अपने स्तर पर जांच में जुटी है और एनआईए को हर संभव मदद कर रही है।

### यात्रियों से रेलवे स्टेशन, मेट्रो, हवाई अड्डे पर समय से पहले पहुंचने की अपील

नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित यात्रा के समय से पहले पहुंचें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन रेंज) मिलिंद दुम्बरे के अनुसार एक परामर्श जारी किया गया है ताकि प्रमुख परिवहन केंद्रों पर सुरक्षा जांच सुचारू रूप से की जा सके और यात्री समय पर अपनी यात्रा शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे रेलगाड़ियों के प्रस्थान से कम से कम एक घंटे पहले, मेट्रो के प्रस्थान से 20 मिनट पहले और हवाई यात्रा से तीन घंटे पहले संबंधित स्थानों पर पहुंचें। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि एहतियाती उपायों के तहत सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और गहन जांच प्रक्रिया अपनाई गई है। सुरक्षा दल यात्रियों, सामान और वाहनों की विस्तृत जांच कर रहे हैं। हम सभी यात्रियों से सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों का सहयोग अपेक्षित है।

## महिपालपुर में धमाके की कॉल ने फुलाई पुलिस की सांसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ बस का टायर फटने से हुआ था धमाका

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में बृहस्पतिवार को एक तेज धमाके की आवाज आने के बाद हुई पीसीआर कॉल ने पुलिस की सांसे फुला दी। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास काफी तलाशने के बाद पता चला कि एक बस का टायर फटने के बाद तेज आवाज से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह नौ बजकर 19 मिनट पर सूचना मिली कि महिपालपुर में रेडिसन होटल के पास एक धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी है, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों को गहन जांच के बाद भी घटनास्थल पर कुछ नहीं मिला। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि फोन करने वाले से संपर्क किया गया और उसने बताया कि जब वह गुरुग्राम जा रहा था, तभी तेज आवाज सुनाई दी। डीसीपी ने कहा कि हमने जांच पड़ताल की और शुरु में कुछ नहीं मिला।

आखिर में स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान एक गार्ड ने बताया कि धौला कुआं जा रही डीटीसी की एक बस का पिछला टायर फट गया था और उसी से यह आवाज आई थी। इसके बाद अधिकारी ने चैन की सांस ली।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाला उर्फ धर्मवीर, पुत्र स्वर्गीय जयपाल निवासी झुग्गी नं. 123, नंदलाल झुग्गी, मुखर्जी नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 420/2020, धारा 323/325, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **लाला उर्फ धर्मवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **लाला उर्फ धर्मवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 420/2020, धारा 323/325, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लाला उर्फ धर्मवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
एलडी. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, (उत्तर)
DP/15176/NW/2025 कमरा नं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

### F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED

CIN-L65100DL1993PLC053936 Registered Office: 908, 9th Floor, Mercantile House, 15, K.G. Marg, New Delhi, Delhi-110001, India
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com Contact: 011-49954225

**Extract of unaudited financial results for the quarter and half year ended 30 September 2025** (Rs. in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended 30.09.2025 Unaudited | Half year ended 30.09.2025 Unaudited | Quarter ended 30.09.2024 Unaudited |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 217.68 | 415.09 | 168.92 |
| Profit before tax | 52.03 | 95.93 | 75.39 |
| Profit after tax | 38.92 | 71.77 | 56.42 |
| Total Comprehensive Income (Comprising profit for the period and other comprehensive income after tax) | - | - | - |
| Paid-up equity share capital | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| Other equity as shown in the balance sheet of the previous year | - | - | - |
| Earnings Per Share (Not annualised) (Face value of Rs. 10 each) | | | |
| Basic | 0.4377 | 0.8072 | 0.6345 |
| Diluted | 0.4377 | 0.8072 | 0.6345 |

**Notes :** 1. The above results have been reviewed by the the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meetings held on 13th November, 2025 and subjected to limited review by statutory auditor, pursuant to regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, as amended. The financial results of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended from time to time and other recognised accounting practices generally accepted in India along with the circulars, guidelines and directions issued by the Reserve Bank of India (RBI) from time to time.

By order of the Board
F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED
Sd/-
(Apoorve Bansal)
Managing Director
R/o: A-708, Unesco Apartment 55, I.P. Extension, Patparganj, East Delhi- 110092
DIN- 08052540

Place : Delhi
Date: 13th November, 2025

# विस्फोटक सामग्री खरीदने के लिए संदिग्धों ने जमा किये थे 26 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए डॉक्टरों ने लाल किले के पास विस्फोट में इस्तेमाल की गई सामग्री खरीदने के लिए 26 लाख रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई थी। आरोपियों के खातों के मनी ट्रेल से यह खुलासा हुआ। पुलिस के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। बताया कि चार संदिग्धों डॉ मुजम्मिल गनई, डॉ अदील अहमद राथर, डॉ शाहीन सईद और डॉ उमर नबी ने मिलकर नकद राशि जमा की थी, जिसे सुरक्षित रखने और परिचालन उपयोग के लिए डॉ उमर को सौंपा गया था। जांचकर्ताओं का पुख्ता तौर पर मानना है कि यह धनराशि एक बड़ी आतंकी साजिश के लिए ही इकट्ठा की गई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जमा की गई इस राशि से उन्होंने कथित तौर पर गुरुग्राम, नूंह और आसपास के शहरों से लगभग तीन लाख रुपये मूल्य का लगभग 26 क्विंटल एनपीके खाद खरीदा था। अन्य रसायनों के साथ मिश्रित इस उर्वरक का इस्तेमाल आमतौर पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में किया जाता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि समूह द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में खाद की खरीद, जांच में एक अहम सुराग बन गई है। वित्तीय लेन-देन और आपूर्ति रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

## कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग मामले में तीन किए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा पुलिस ने तीन नवंबर को फर्श बाजार इलाके में एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की घटना में संलिप्त तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम जहीर उर्फ आसिफ उर्फ गुड्डू, फारुख और सलमान उर्फ लड्डन हैं। जांच के दौरान जहीर ने एक पुलिस अधिकारी से सर्विस पिस्तौल छीनकर हिरासत से भागने की कोशिश भी की थी। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं रुकने पर उसके दाहिने पैर में गोली मारी गई। पुलिस के अनुसार यह मामला शाहदरा निवासी कुणाल अरोड़ा द्वारा तीन नवंबर को दर्ज कराई गई शिकायत से संबंधित है। कुणाल ने अपनी शिकायत में कहा था कि दो नवंबर को रात करीब 11 बजे भोला नाथ नगर स्थित उनके घर के मुख्य द्वार पर दो लोगों ने गोलीबारी की, जबकि एक तीसरा व्यक्ति उनके पीछे खड़ा था, जिसने अपना चेहरा ढका हुआ था। हेलमेट पहने हमलावर कुणाल के परिवार को धमकी देकर भाग गए। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश किये जाने पर आरोपियों की दो दिन की पुलिस हिरासत मिली है। रिमांड के दौरान जहीर पुलिस को अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए यमुना खादर ले गया। बरामदगी की प्रक्रिया के दौरान जहीर ने एक पुलिस अधिकारी से सर्विस पिस्तौल छीनकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि इसके बाद हाथापाई हुई और पुलिस ने एक गोली चलाई, जो जहीर के दाहिने पैर में लगी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें सट्टेबाज सचिन उर्फ गोलू ने बंटी अरोड़ा नामक व्यक्ति को धमकाने के लिए कहा था। बंटी अरोड़ा ने कथित तौर पर 30 लाख रुपये की जबरन वसूली की रकम देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता सचिन का पता लगाने और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## एनसीईआरटी की 'पायरेटेड' किताबों की आपूर्ति में लिप्त दो लोगों को दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने दरियागंज स्थित एक गोदाम पर छापा मरने के बाद एनसीईआरटी की 'पायरेटेड' पुस्तकों की आपूर्ति में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एनसीईआरटी के अधिकृत कानूनी प्रतिनिधियों के साथ टीम ने अभियान के दौरान एनसीईआरटी की कुल 12,755 पायरेटेड किताबें जब्त की है। पकड़े गये आरोपियों में यमुना विहार निवासी कनिष्क (32) और प्रीत विहार निवासी विनोद जैन (65) शामिल है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार 10 नवंबर को प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर पुलिस ने दरियागंज स्थित एक गोदाम पर छापा मारा था, जहां एनसीईआरटी की पायरेटेड किताबें रखी मिली। आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता तथा कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कनिष्क ने डीयू से स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और उसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। विनोद जैन ने कक्षा 12वीं तक पढ़ाई की है और वह पिछले साल भी क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज इसी तरह के एक मामले में शामिल था।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील मनचंदा उर्फ रिंकू, पुत्रः** श्री राकेश मनचंदा उर्फ कुकी, **पताः** मकान नं. जे–69, प्रथम तल, बंदर वाली खुई, रमेश नगर, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 348/2020 U/s 323/354/354B/506/509 IPC, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील मनचंदा उर्फ रिंकू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील मनचंदा उर्फ रिंकू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 348/2020 U/s 323/354/354B/506/509 IPC, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुशील मनचंदा उर्फ रिंकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवली तलवार
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01
कमरा नं. 358, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14834/WD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रंजीत झा, पुत्रः** भूदान झा, **पताः** मकान न. 261, गली न. 09, जीवन पार्क, समयपुर बादली, दिल्ली, ने **FIR No.: 304/2019, U/s: 188 IPC,** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रंजीत झा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रंजीत झा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 304/2019, U/s: 188 IPC,** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **रंजीत झा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग, एलडी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—11
(केन्द्रीय), कमरा न. 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14499/N/2025
(Court Matter)

### KOTIA ENTERPRISES LIMITED

CIN: L74110DL1980PLC010678
Regd. Off: 211, New Delhi House, 27, Barakhamba Road, New Delhi-110001, Tel: - 91-11 -40045955
E mail: compliance@kotiaenterprises.com, Website: www.kotiaenterprises.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ON SEPTEMBER 30, 2025**

(Rupees in Lacs)

| S. No | Particulars | Three Months Period Ended | | | Six Months Period Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1 | Total income from operations (net) | 5.22 | 7.83 | 44.77 | 13.04 | 66.96 | 88.72 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | (11.33) | (5.45) | 4.02 | (16.79) | (1.07) | (5.08) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (11.33) | (5.45) | 4.02 | (16.79) | (1.07) | (5.08) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (11.35) | (5.45) | 4.02 | (16.81) | (1.07) | (4.93) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (161.43) | 16.08 | 4.02 | (145.36) | (1.07) | 2913.15 |
| 6 | Equity Share Capital | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | 3165.57 |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | (0.08) | (0.08) | 0.06 | (0.02) | (0.02) | (0.07) |
| | Diluted : | (0.08) | (0.08) | 0.06 | (0.02) | (0.02) | (0.07) |

Notes:
1. The above Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended 30th September, 2025 have been reviewed by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 13th November, 2025.
2. The above results have been prepared in compliance with the recognition and measurement principles of the Companies (India Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards Amendment Rules, 2016) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
3. Figures for the previous period have been regrouped wherever considered necessary so as to confirm to the classification of the current period.
4. The full format of the Financial Results for the quarter ended are available on the stock exchange website( www.bseindia.com and www.msei.in ) and on the Company's website www.kotiaenterprises.com

For Kotia Enterprises Limited
Sd/-
Ankit Bhatnagar
(Company Secretary & Compliance officer)

Date: November 13, 2025
Place: New Delhi

# एसबीआई से चार करोड़ की ठगी में शामिल तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा ने द्वारका में जाली संपत्ति दस्तावेजों का इस्तेमाल करके एसबीआई से चार करोड़ की ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जुकिटो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जतिन प्रसाद, राजेंद्र कुमार उर्फ राजा और संदीप सिंह शामिल है। दिल्ली में पंजीकृत यह स्टील व्यवसाय से जुड़ी कंपनी है।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार द्वारका सेक्टर-12 में संपत्ति के जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल एसबीआई, एमजी रोड, गुरुग्राम से चार करोड़ की कैश क्रेडिट (सीसी) सीमा हासिल करने के लिए किया गया। संदीप सिंह ने खुद को संपत्ति के मालिक के रूप में पेश किया था। जाली पैन और आधार का इस्तेमाल करके कंपनी में निदेशक बना हुआ था। फर्जी दस्तावेज तैयार करने और छद्मवेश धारण करने के लिए सह-अभियुक्तों को कमीशन के रूप में 60 लाख दिए गए। आरोपी राजेंद्र कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले लूट और चोरी के चार मामलों में शामिल रहा है। कैथल और हिसार में निरंतर तकनीकी निगरानी और क्षेत्रीय अभियानों के बाद त्वरित गिरफ्तारियां की गई। आरोपियों ने पहले एक असली संपत्ति की पहचान की और उसका विवरण प्राप्त किया। फिर उन्होंने वास्तविक मालिक के नाम पर जाली स्वामित्व और पहचान संबंधी दस्तावेज (जैसे बिक्री विलेख, पैन और आधार) तैयार किए। इनका उपयोग करके उन्होंने कंपनी के रिकॉर्ड में धोखाधड़ी से फेरबदल किया और नकली व्यक्ति को निदेशक बना दिया। इसके बाद उन्होंने जाली संपत्ति के दस्तावेजों को गिरवी रखकर वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए बैंक से संपर्क किया। नकद ऋण सीमा स्वीकृत होने के बाद, ऋण राशि को व्यक्तिगत और फर्जी खातों के माध्यम से डायवर्ट किया गया और उधारकर्ताओं ने जानबूझकर भुगतान नहीं किया, जिससे बैंक को नुकसान हुआ।

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ओपन कोर्ट में मरम्मत करना और पेरागोला हेतु सपोर्ट्स का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 15.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, सोहना में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 1.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में सम्मेलन कक्ष और जैव चिकित्सा कचरा कक्ष का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में टेकटाइल्स फ्लोरिंग और ब्रेल चिन्हों का प्रावधान व फिक्सिंग। | 12.11.2025 19.11.2025 | 44.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | मेन इलैक्ट्रिक रूम में विद्युत वितरण पैनल का प्रावधान / एएनएम ट्रेनिंग सेंटर / पीएनडीटी और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस /2 अदद चिकित्सक आवासों में ई.आई. की विशेष मरम्मत और नागरिक हस्पताल सिरसा के परिसर में स्ट्रीट / सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान (एएनएम ट्रेनिंग सेंटर / पीएनडीटी और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस /2 अदद चिकित्सक आवासों में ई.आई. की विशेष मरम्मत केवल) + 4 कार्य। | 12.11.2025 17.11.2025 | 60.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | राजीव गांधी खेल स्टेडियम / परिसर, बट्टा जिला कैथल की विशेष मरम्मत। | 12.11.2025 18.11.2025 | 12.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में चाइल्ड सेफ वॉशरूम, लैक्टेशन रूम हेतु शौचालयों का प्रावधान। | 12.11.2025 17.11.2025 | 2.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (ईएलवी का प्रावधान केवल) (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 11.11.2025 21.11.2025 | 86.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स सफीदों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं (टैक्टाइल फ्लोरिंग ब्रेल साइनेज, हैंड रेलिंग और टॉयलेट फिटिंग्स इत्यादि)। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 55.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, रोहतक में महम ड्रेन के आरडी 10574 और पम्प हाउस आरडी 37000 में डिलीवरी पाइप के नीचे सपोर्टिंग वॉल के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | 11.11.2025 19.11.2025 | 20.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | पुराना कैनाल रेस्ट हाउस, रोहतक (बिल्डिंग ब्लॉक-बी) का पुनरोद्धार / मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.11.2025 | 40.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गांव कछवा ब्लॉक करनाल में संजय नाई की दुकान से गुरूद्वारा बेहलोलपुर रोड तक फिरनी का पुनर्निर्माण, स्कीम एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 06.11.2025 27.11.2025 | 130.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज झज्जर | गांव जोंधी ब्लॉक झज्जर, जिला झज्जर में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | 11.11.2025 19.11.2025 | 254.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 14 | राजकीय आई.टी.टी. नलवा (हिसार) | आईटीआई नलवा में विभिन्न ट्रेड्स के छोटे औजारों और उपकरणों की आपूर्ति। | 12.11.2025 27.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374760 nalwa.giti@hry.gov.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/280/40286/I/88/7 दि. 13.11.25

# दिल्ली-सोनीपत अंतरराज्यीय बस रूट को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

## सरकार शीघ्र ही दिल्ली और एनसीआर के शहरों तक शुरू करेगी बस सेवा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक और अंतरराज्यीय बस रूट, कश्मीरी गेट बस अड्डे से सोनीपत बस स्टैंड तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की। ये नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही दिल्ली से जुड़े एनसीआर के शहरों तक चलने वाली डीटीसी की बसों को दोबारा शुरू करेगी। कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डे पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी सोनीपत के लिए तीन अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली-बड़ौत के बीच पहली अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार फिर से दिल्ली-एनसीआर से जुड़े शहरों के लिए अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करेगी, जो सालों पहले बंद कर दी गई थी। इसका एक लाभ यह होगा कि लोगों को सहजता से सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध होगी, जिससे सडक़ों पर वाहनों का दबाव कम होगा और प्रदूषण कम करने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं। ये बसें न केवल यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होंगी, बल्कि दिल्ली-सोनीपत मार्ग पर नियमित रूप से संचालित की जाएंगी, जिससे दोनों शहरों के बीच आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल गतिशीलता को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के बीच अंतर-संपर्क को मजबूत करना हमारी सरकार का एक प्रमुख उद्देश्य है।

### कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा यह कदम : पंकज

इस अवसर पर परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ये बस सेवा कई वर्षों से बंद थीं, जिससे दिल्ली और एनसीआर के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई थी। इस पहल के साथ हम स्वच्छ और आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से उसी कड़ी को पुनर्जीवित कर रहे हैं। यह कदम न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि प्रदूषण को कम करने और यात्रियों को सुरक्षित तथा अधिक आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करने में भी मदद करेगा। ये बसें शून्य-उत्सर्जन वाली है। आगे चलकर हम सार्वजनिक परिवहन को और अधिक हरित और कुशल बनाने के लिए दिल्ली के आस-पास के और शहरों तक ऐसी सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं।

## निगम सदन बैठक : लालकिला हादसे पर शोक, सदन में हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली।

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को हुई सदन बैठक की शुरुआत लालकिला हादसे के चलते शोक संवेदना के माहौल में हुई, लेकिन कुछ ही देर में यह राजनीतिक हंगामे में बदल गई। महापौर राजा इकबाल सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में सबसे पहले लालकिला हादसे में मृतक नागरिकों को श्रद्धांजलि और घायल हुए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। दो मिनट के मौन के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, आप पार्षदों ने प्रदूषण के मुद्दे पर प्लेकार्ड लेकर और मुंह पर मास्क लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सदन बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

प्रदूषण के खिलाफ विरोध जताते हुए निगम ने आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में आप पार्षदों ने महापौर से जवाब मांगा और प्रशासन की नाकामी पर सवाल उठाए। इस बीच नेता सदन प्रवेश वाही ने एजेंडा पढ़ा और कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए, पर हंगामे के बीच किसी विषय पर विस्तार से चर्चा नहीं हो सकी।

कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता मुकेश गोयल ने भी अपने विचार रखे और सदन में व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद भाजपा पार्षद अमित खरखड़ी ने शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों पर अपनी बात रखनी चाही, लेकिन हंगामे के चलते माहौल और गर्मा गया। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब आप की महिला पार्षद प्लेकार्ड लेकर महापौर आसन की ओर बढ़ने लगीं। हालात की गंभीरता को देखते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने सदन की कार्यवाही को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया।

### दिल्ली सरकार ने लेखा विभाग के बड़े पदों को अपग्रेड और विलय किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने तत्काल प्रभाव से लेखा सेवा में लेखा अधिकारी का पद वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समूह 'ए' राजपत्रित) के ग्रेड में अपग्रेड और विलय कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार का यह बड़ा प्रशासनिक सुधार से जुड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि उन्होंने लेखा सेवा के अधिकारियों के लिए एक बड़ा प्रशासनिक सुधार लागू करते हुए तत्काल प्रभाव से लेखा अधिकारी के पद को वरिष्ठ लेखा अधिकारी के ग्रेड में उन्नत और विलय करने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के नियंत्रक महालेखाकार (सीजीए) और गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुपालन में लिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार लेखा अधिकारी (समूह 'बी' राजपत्रित) का पद, जो वर्तमान में पे मैट्रिक्स के पे लेवल- 9 में था, अब वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समूह 'ए' राजपत्रित) के ग्रेड में पे लेवल- 10 में उन्नत और विलय कर दिया गया है। अब दिल्ली सरकार लेखा सेवा के लेखा अधिकारी के मौजूदा सभी पद वरिष्ठ लेखा अधिकारी (समूह 'ए' राजपत्रित) के रूप में पे मैट्रिक्स के पे लेवल- 10 में पुनः पदनामित किए जाते हैं।

### एससी बस्ती सुधार योजना के तहत 65 करोड़ 55 लाख रुपये के 114 विकास कार्य स्वीकृत : इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एससी/एसटी बस्तियों में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 65 करोड़ 55 लाख रुपये के 114 विकास कार्य अब तक स्वीकृत हो चुके हैं और ये कार्य लगातार पूरे हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभाओं के अन्य कार्यों को भी जल्द स्वीकृति दी जाएगी। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के एससी/एसटी कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि एससी/ एसटी बस्तियों का विकास कर सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अंत्योदय का संकल्प पूरा कर रही है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय इन बस्तियों की भारी उपेक्षा की गई थी। उस समय न तो कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग होती थी और न ही आवंटित बजट का पूरा उपयोग होता था। इस उपेक्षा के कारण बस्तियां विकास में काफी पीछे रह गईं। अब सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि हर एससी और एसटी बस्ती में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाया जाए। इंद्राज ने कहा कि विधानसभाओं की एससी/एसटी बस्तियों में सड़कों और गलियों का निर्माण, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवन, चौपाल व बारात घर का निर्माण, पुनरुद्धार एवं विद्युतिकरण, सीवर लाइन बिछाने व मरम्मत का कार्य, कॉलोनियों के गेट का निर्माण, पार्कों के बॉउंड्री वाल एवं वाक वे का निर्माण, सीसीटीवी लगाने के विकास जैसे कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक तिमारपुर, बवाना, सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी, त्रिनगर, करोल बाग, पटेल नगर विकास पुरी, बिजवासन, गांधी नगर, नरेला, नांगलोई जाट, शालीमार बाग, मोती नगर, राजौरी गार्डन, पालम, आर के पुरम, त्रिलोकपुरी, गांधी नगर, रोहतास नगर और घोंडा विधानसभाओं में 65 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक के 114 कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी एससी/एसटी बस्तियों में जनहित में सभी प्रस्तावित बुनियादी सुविधाओं के कार्य पूरे होंगे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब आम्बेडकर ने गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण का जो सपना देखा था, उसे सरकार पूरा करने में जुटी है और इन बस्तियों में सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल-सिसोदिया


नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की गुरुवार की बैठक में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिरला उपस्थित नहीं हुए। समिति ने सभी को अपना पक्ष रखने के लिए एक और अवसर प्रदान करते हुए 20 नवंबर 2025 (गुरुवार) दोपहर 2:30 बजे अगली बैठक की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने गुरुवार को दी। बैठक के दौरान समिति ने 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर में उद्घाटित 'फांसीघर' की प्रामाणिकता से संबंधित मामले की विस्तृत समीक्षा जारी रखी। समिति ने इस विषय से संबंधित दस्तावेजों, पृष्ठभूमि अभिलेखों तथा अन्य सामग्रियों का अवलोकन किया। समिति इस विषय पर तथ्यों और परिस्थितियों की गहन जांच कर रही है ताकि सभी प्रक्रियात्मक एवं तथ्यात्मक पहलुओं का सही परीक्षण किया जा सके। अध्यक्ष प्रद्युम्न राजपूत ने बताया कि गुरुवार की बैठक में अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, नीरज बसोया, सूर्या प्रकाश खत्री और सतीश उपाध्याय उपस्थित थे, जिससे समिति अपनी निर्धारित कार्यवाही को आगे बढ़ा सकी।

### भाजपा सरकार ने तोड़ा वादा, केजरीवाल सरकार में खुले मोहल्ला क्लीनिकों पर जड़ा ताला : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर अरविंद केजरीवाल सरकार में खोले गए सैकड़ों मोहल्ला क्लीनिकों में से 200 से ज्यादा पर ताला जड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा सरकार के इस कदम की आम आदमी पार्टी ने कड़ी निंदा की है। 'आप' के वरिष्ठ नेता व विधायक कुलदीप कुमार का कहना है कि भाजपा ने 200 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद कर चुनाव के दौरान कोई भी जनहितकारी योजना को बंद नहीं करने का अपना वादा तोड़ दिया है। इन मोहल्ला क्लीनिकों के बंद होने से न सिर्फ सैकड़ों कर्मचारी बेरोजगार हो गए, बल्कि लाखों लोग मुफ्त इलाज से वंचित हो गए हैं। झूठ के दम पर बनी भाजपा की चार इंजन की सरकार ने 9 महीने में ही दिल्ली को बर्बाद कर दिया। मोहल्ला क्लीनिकों से निकाले गए डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ के साथ प्रैसवार्ता कर कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली में भाजपा को सत्ता में आए हुए नौ महीने से अधिक समय हो चुका है। इस सरकार का गठन झूठे वादों के दम पर हुआ था।

### 1984 के दंगा पीड़ितों के आश्रितों को मिलेगा रोजगार का अवसर : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई दिल्ली कैबिनेट की बैठक में 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए पीड़ितों के आश्रितों को करुणामूलक (अनुकंपा) आधार पर रोजगार प्रदान करने की नीति को मंजूरी दी गई। दिल्ली सरकार के इस निर्णय से चार दशकों से अधिक समय से न्याय और आर्थिक पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे 1984 के दंगा पीड़ितों के आश्रितों को रोजगार मिलने का रास्ता साफ हो गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की यह नई नीति वर्ष 2007 में लिए गए मंत्रिमंडलीय निर्णय के बाद से लंबित पड़े रोजगार सहायता मामलों को शीघ्रता से निपटाने की दिशा में एक ठोस पहल है।

## खबर संक्षेप

### नपा कर्मचारी संघ के रणजीत शुक्ला प्रधान बने



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की इकाई कार्यालय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत की अध्यक्षता में नगर निगम कांफ्रेंस हाल में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से प्रधान रणजीत शुक्ला, वरिष्ठ उपप्रधान योगेश शर्मा, सचिव सौरभ श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लोकेश गौड़ आदि।

### अमृता अस्पताल ने पांच नवजातों को दिया जीवन



**फरीदाबाद।** अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने एक बार फिर चिकित्सा जगत में मिसाल पेश करते हुए पांच नवजात शिशुओं को जीवनदान दिया है, जो कंजेनिटल डायफ्रामेटिक हर्निया जैसी अत्यंत दुर्लभ और घातक जन्मजात विकृति से जूझ रहे थे। इन बच्चों का जन्म ऐसे हुआ था कि उनका जिगर किडनी, आंतें और पेट का हिस्सा छाती की गुहा में मौजूद था।

### उप तहसीलों में हेल्प डेस्क स्थापित होंगी: डीसी



**फरीदाबाद।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने गुरुवार को हरियाणा की पेपरलेस पंजीकरण प्रणाली की प्रगति स्तरीय कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों के साथ एक विस्तृत वीडियो कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की। विक्रम सिंह ने जिले की तीनों तहसीलों और पांचों उप-तहसीलों में ऑनलाइन प्रक्रिया का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री ने कहा-बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को जागृति, संगठन, स्वाभिमान और संघर्ष का मार्ग दिखाया

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा ने मनाया 'जनजातीय गौरव दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को जागृति, संगठन, स्वाभिमान और संघर्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध जीवनभर संघर्ष किया। उत्तर प्रदेश सरकार उनके विचारों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुँचाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। आदिवासी समाज भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ है और भारतीयता की आत्मा उनके जीवन मूल्यों में बसती है।



यह बात गुरुवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हिंदी भवन, लोहिया नगर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस' समारोह को संबोधित करते हुए कही। समारोह का आयोजन भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनजातीय संस्कृति एवं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने "मेरे कंठ बसी महारानी", "धूमर नृत्य", और "रखे तीर कमान" जैसे जनजातीय नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर पारंपरिक वेशभूषा और लोक-संगीत की छटा ने समारोह को उत्सवमय बना दिया। चंचल बंजारा ने भी सांस्कृतिक माहौल को ऊर्जावान बनाया।

### अंकुर त्यागी मोरटा बने राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गाजियाबाद महानगर के त्यागी बाहुल मोरटा गांव स्थित एम.आर. भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी (प्रदेश अध्यक्ष, सहकारिता प्रकोष्ठ) और रामकुमार चैयरमैन(क्षेत्रीय अध्यक्ष) ने अंकुर त्यागी मोरटा को राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ, गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया।

चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह के मार्गदर्शन में हमें चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर चौधरी अजित सिंह जी के सपनों को पूरा करना है। सहकारिता प्रकोष्ठ को मजबूत बनाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। रामकुमार ने कहा किअंकुर त्यागी जी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर हमें पूर्ण विश्वास है कि वे



पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और सहकारिता प्रकोष्ठ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे चौधरी रामपाल सिंह (जिला अध्यक्ष) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संचालन अरुण चौधरी भुल्लन और प्रदीप मुखिया ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

## एनएएसी ने विश्वविद्यालय को दिया कारण बताओ नोटिस

# अलफ्लाह विश्वविद्यालय में संदिग्ध कार बरामद, 15 दिन में जवाब देने के निर्देश दिए

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

अल-फ्लाह विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को एक कार को जांच एजेन्सी से बरामद किया है। कार की सूचना के बाद बम निरोधक दस्ता व अन्य एजेन्सी ने कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं यूनिर्वसिटी को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनिवार्य नवीनीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने के बावजूद मान्यता का दावा जारी रखने के लिए यह नोटिस दिया गया है।

एनएएसी की ओर से पिछली मान्यता रद करने की चेतावनी भी दी गई है। विश्वविद्यालय को 15 दिनों के भीतर कारण सहित जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। अल-फ्लाह विश्वविद्यालय की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अल-फ्लाह स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी पर उसकी मान्यता स्थिति में गंभीर विसंगतियों का आरोप है। नोटिस में कहा गया है कि अल-फ्लाह को आखिरी बार 2013 में चक्र एक के तहत बी ग्रेड और 2.63 के सीजीपीए के साथ मान्यता मिली थी। अगली मान्यता चक्र के लिए उसे 2018 तक एक स्व.अध्ययन रिपोर्ट (एसएसआर) और गुणवत्ता मूल्यांकन हेतु संस्थागत सूचना (आइआइक्यए) जमा करनी थी। एनएएसी के अनुसार बार-बार याद दिलाने के बावजूद विश्वविद्यालय दोनों दस्तावेज जमा करने में विफल रहा।



अलफ्लाह यूनिर्वसिटी में जाता बम निरोधक दस्ता।



अलफ्लाह यूनिर्वसिटी में खड़ी संदिग्ध कार।

### कश्मीरी डाक्टर हसन अभी तक है लापता

भारी मात्रा में विस्फोटक और आतंकियों की गिरफ्तारी के साथ सवालों के घेरे में आई धौज स्थित अल-फ्लाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक और कश्मीरी डाक्टर के तार आतंकियों से जुड़ते नजर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जम्मू कश्मीर और फरीदाबाद पुलिस के संयुक्त आपरेशन के बाद से ही वो लापता है। इस यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डा. निसार उल हसन बारामुला में सोपोर के अच्छाबल का रहने वाला है। डॉ. हसन कश्मीर डाक्टर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष भी रहा।

वह श्रीनगर स्थित एसएमएचएस अस्पताल के मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत था, लेकिन नवंबर 2023 में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उसे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। उस समय डॉ. हसन समेत चार सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था। इसके बाद डॉ. हसन ने अल.फलाह यूनिवर्सिटी में आवेदन किया, लेकिन पुराने बैकग्राउंड पर गौर किए बिना यूनिवर्सिटी ने उसे नियुक्ति दे दी। फिलहाल, वह अल.फलाह यूनिवर्सिटी में मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। अल.फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट सूत्रों के अनुसार डॉ. निसार उल हसन यूनिवर्सिटी में नहीं है और वह कहां है, इसकी जानकारी नहीं है। डा. हसन को वर्ष 2014 में सरकार विरोधी बयानबाजी के लिए निलंबित किया गया था, लेकिन 2018 में यह निलंबन वापस हो गया था।

### मान्यता को अमान्य क्यों न माना जाए

नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर आइआइक्यए/एसएसआर जमा करने में विफल रहने वाले संस्थानों को मान्यता की स्थिति जारी रखने के लिए अनिच्छुक माना जाएगा। 14 नवंबर को अपनी स्थायी समिति द्वारा समीक्षा के बाद एनएएसी ने मान्यता नियमावली के खंड 7.4 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिसमें विश्वविद्यालय को 15 दिनों के भीतर यह बताने का निर्देश दिया गया कि उसकी मान्यता को अमान्य क्यों न माना जाए।

### फरीदाबाद पुलिस ने मुस्लिम बहुल इलाकों में सर्च ऑपरेशन, जमा किए रोहिंग्या-बांग्लादेशी किरायेदारों के दस्तावेज

पुलिस ने मुस्लिम बहुल क्षेत्र अज्जी कालोनी, सेक्टर-62 आशियाना, मिर्जापुर व मुजैड़ी गांव, जमाई कालोनी, गांधी कालोनी के आसपास की झुग्गियों में सर्च अभियान चलाया।

## महापौर ने किया बोंझा, सुदामापुरी में ननि की भूमि का निरीक्षण

# सिहानी में 160 करोड़ की 32 बीघा भूमि होगी कब्जा मुक्त: दयाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ बोंझा गाँव पटेल मार्ग स्थित खसरा न 282, 283, 284, 285, 282 व 308, सिहानी गाँव नंदग्राम में खसरा न 206,209 व 211, और सुदामापुरी में डबल टंकी, सिंगल टंकी, नगर निगम आश्रय स्थल के पास व मंदिर के पास नगर निगम की भूमियों का निरीक्षण किया। महापौर ने बताया कि कब्जा (कार पार्किंग,प्लॉट, रेत सीमेंट का कारोबार,सब्जी उगाई, भैसों का पालन,अवैध झुग्गी, टीन शेड, आदि का कार्य किया जा रहा है जिसमे बोंझा की लगभग 30 करोड़ की 3-4 बीघा भूमि,सिहानी की लगभग 160 करोड़ की 32 बीघा भूमि एवं सुदामापुरी की 30 करोड़ की 4 बीघा भूमि की पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन भूमियों को सिहानी से सलेक त्यागी,राजेश्वर त्यागी,निशांत त्यागी,मोहित त्यागी आदि द्वारा नगर निगम की भूमि प्रयोग में लाई जा रही है। धनराशि अर्जित की जा रही है जिसको लेकर नगर निगम अधिकारी भी सचेत हुए व महापौर ने गुरुवार बैठक कर रूप रेखा भी तैयार की है। सिहानी की भूमि के एक हिस्से पर न्यायालय में स्टे है जिसको लेकर महापौर ने सभी अधिकारियों को स्टे खारिज कर कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए और महापौर ने बताया कि बोंझा गाँव पटेल मार्ग पर स्थित भूमि पर नगर निगम अपनी मार्केट बनाए का कार्य करेगा एवं सिहानी व सुदामापुरी की भूमि को नगर निगम कब्जा मुक्त कराकर अपने कब्जे में लेगा, कब्जाधारीयों पर कार्यवाही भी करेगा, महापौर ने कब्जा करने वाले लोगो को मौके पर बुलाकर समझाया है कि 2 दिन में आप स्वम अपना सामान समेट लें अन्यथा नगर निगम सभी कुछ तोड़ फोड़ के साथ जप्त करेगा।


**उत्तर रेलवे**


**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 46-SRDEE-G-DLI-2025-26. कोने मेक लिफ्ट्स की व्यापक ए एम सी तीन वर्षों के लिए जो की रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी, चेम्सफोर्ड रोड, नई दिल्ली में स्थापित है। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 16,80,192.00 |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू० 33600.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 05.12.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 05.12.2025, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 3521/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### प्रदेश के सात जिलों में एचडीएफसी इर्गो देगी फसलों को बीमा सुरक्षा

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने रबी, 2025-26 सीजन के लिए अंबाला, गुरुग्राम, करनाल, जींद, महेंद्रगढ़, हिसार और सोनीपत जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए पीएम फसल बीमा योजना लागू करने के लिए जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया है। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफ़ान, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है।




**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरूण, पुत्रः भगवान दास, निवासीः आई–863, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No.: 712/2023, U/s: 25 Arms Act, पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तरूण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तरूण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **तरूण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी–05, उत्तर पश्चिम, कमरा संख्या 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15281/OD/2025


## एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ निकली एकता पदयात्रा

# सरदार पटेल की एकता की भावना आज भी मोदी सरकार की नीतियों में जीवित: राज्यमंत्री गुर्जर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में चल रहे सरदार/150 पदयात्राओं अभियान के तहत आज जिला फरीदाबाद में यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया। उनके साथ नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बड़खल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे। लगभग 4 किलोमीटर लंबी पदयात्रा सेक्टर-29 चौक से प्रारंभ होकर ओल्ड फरीदाबाद मार्किट से सेक्टर-16 एशिया मरिंगो अस्पताल के सामने से होते हुए ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास से एनआईटी-05 स्थित आईटीआई पर संपन्न हुई। केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और नेतृत्व में देशभर मंव एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य यूनिटी मार्च (एकता मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 31 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक देश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र और जिले में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में युवा सहभागिता कर रहे हैं और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता का सशक्त संदेश दे रहे हैं। देश प्रथम, देश पहले की भावना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का मूल आधार है। इसी सोच ने भारत को 11वीं अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है।


**MOHIT PAPER MILLS LIMITED**

(CIN- L21093DL1992PLC116600)
पंजीकृत कार्यालयः 15ए/13 अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
वर्क्स : 9 किमी स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701
Phone: 011- 25886798,
E-mail: investorsmohitpaper@gmail.com, Website: www.mohitpaper.in

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(ईपीएस को छोड़कर राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त (30.09.2025) अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त (30.06.2025) अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त (30.09.2024) अलेखापरीक्षित | छह महीने समाप्त (30.09.2025) अलेखापरीक्षित | छह महीने समाप्त (30.09.2024) अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त (31.03.2025) लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 4,311.86 | 5,351.21 | 3585.99 | 9,663.07 | 8,570.98 | 18,675.15 |
| कर–पूर्व लाभ के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण और/या असाधारण मदें | 206.09 | 230.61 | 227.30 | 436.70 | 448.40 | 925.13 |
| कर–पूर्व लाभ के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण और/या असाधारण मदें | 206.09 | 230.61 | 227.30 | 436.70 | 448.40 | 925.13 |
| कर–पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 219.16 | 139.58 | 210.25 | 358.74 | 373.60 | 650.43 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 219.16 | 139.58 | 210.25 | 358.74 | 373.60 | 650.87 |
| इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रति इक्विटी शेयर 10/– रुपये) | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 |
| अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | – | – | – | – | – | 3703.23 |
| प्रति इक्विटी शेयर आय : | | | | | | |
| बेसिकः | 1.57 | 1.00 | 1.50 | 2.56 | 2.67 | 4.65 |
| डायल्युटेडः | 1.57 | 1.00 | 1.50 | 2.56 | 2.67 | 4.65 |

**टिप्पणियाँः**
1. उपरोक्त 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए स्टैंडअलोन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (अर्थात, ूइेमपदकपं.बवउ) और कंपनी की वेबसाइट अर्थात, ू उवीपजचंचमत.पद पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 13 नवंबर, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।

मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड की ओर से
हस्ता/–
संदीप जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन : 00458048)

स्थानरू बिजनौर,
दिनांकरू 13 नवंबर, 2025



**FRICK**

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालयः 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
टेलीफोन नंबर 01292275691–94 ईमेलः fbd@frickmail.com वेबसाइटः www.frickweb.com

**30.09.2025 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | छमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 10,004.36 | 7,519.50 | 17,523.86 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 214.02 | 428.43 | 642.45 | 1,068.15 |
| III | **कुल आय (I+II)** | **10,218.38** | **7,947.93** | **18,166.31** | **44,762.59** |
| IV | व्यय | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 7,544.27 | 5,576.41 | 13,120.68 | 28,765.51 |
| | तैयार माल, प्रगतिरत कार्य और व्यापार–स्टॉक की सूची में परिवर्तन | (665.01) | (522.91) | (1,187.92) | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,640.87 | 1,586.63 | 3,227.50 | 6,327.33 |
| | वित्तीय लागत | 47.23 | 75.16 | 122.39 | 264.21 |
| | मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय | 105.26 | 98.59 | 203.85 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 915.42 | 807.36 | 1,722.78 | 3,875.31 |
| | **कुल व्यय (IV)** | **9,588.04** | **7,621.24** | **17,209.28** | **40,143.93** |
| V | **संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से और कर से पहले का लाभ (III&IV)** | **630.34** | **326.69** | **957.03** | **4,618.66** |
| VI | **संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से (VI)** | **(9.20)** | **(0.01)** | **(9.21)** | **(18.10)** |
| VII | **कर से पहले का लाभ (V+VI)** | **621.14** | **326.68** | **947.82** | **4,600.56** |
| VII | **कर व्यय** | | | | |
| | क) चालू कर | 174.38 | 67.35 | 241.73 | 1,215.00 |
| | ख) आस्थगित कर | 17.86 | 8.15 | 26.01 | (70.80) |
| | ग) पिछले वर्षों का आयकर | – | – | – | (9.22) |
| | **कुल कर (VII)** | **192.24** | **75.50** | **267.74** | **1,134.98** |
| VIII | **अवधि के लिए कर–पश्चात लाभ (VII&VIII)** | **428.90** | **251.18** | **680.08** | **3,465.58** |
| IX | **अन्य व्यापक आय (करों को छोड़कर)** | | | | |
| | (क) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | (3.92) | (3.93) | (7.85) | (15.71) |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | 1.00 | 0.99 | 1.99 | 3.95 |
| | (ख) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृतः | – | – | – | – |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (IX) | (2.92) | (2.94) | (5.86) | (11.76) |
| X | **अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VIII+IX)** | **425.98** | **248.24** | **674.22** | **3,453.82** |
| XI | **अन्य इक्विटी** | | | | 30,201.61 |
| XII | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | | |
| | क) मूल ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 7.15 | 4.19 | 11.34 | 57.76 |
| | ख) तनुकृत ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 7.15 | 4.19 | 11.34 | 57.76 |

**टिप्पणियाँः**
1 उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 13.11.2025 को आयोजित निदेशक मंडल की संबंधित बैठकों में इन्हें अनुमोदित कर अभिलेख में दर्ज कर लिया गया है और कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई है।
2 कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और वातानुकूलन प्रणालियों के निर्माण, आपूर्ति और कार्यान्वयन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूँकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिमों और प्रतिफलों के एक ही समूह द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए इंड एस 108 "परिचालन खंड" के अनुसार, इसमें केवल एक ही रिपोर्ट योग्य खंड है।
3 पिछले वर्ष के दौरान, फ्रिक इंडिया लिमिटेड (एफआईएल) ने 13 जनवरी, 2025 को मेसर्स मायेकावा मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, जापान (मायेकावा) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया और 27 फरवरी 2025 को मायेकावा–51ः और एफआईएल–49ः की अनुपात में शेयरधारिता के साथ एक नई कंपनी मायकॉम–एफआईएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एक संयुक्त उद्यम इकाई) (श्रट कंपनी) का गठन किया। 30 सितंबर 2025 तक श्रट कंपनी की कुल भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी 5,000.00 लाख रुपये है और 30 सितंबर 2025 तक एफआईएल द्वारा किया गया निवेश 2,450 लाख रुपये है (जिसमें 30 सितंबर 2025 को समाप्त चालू तिमाही में निवेश किए गए 1,000 लाख रुपये शामिल हैं)। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए समेकित आंकड़े नहीं दिए गए हैं क्योंकि उस अवधि के दौरान कोई संयुक्त उद्यम नहीं था।
4 जहां भी आवश्यक हो, पिछली अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन – 00383412

दिनांकः 13.11.2025
स्थानः दिल्ली

## खबर संक्षेप

### गायक पवन सिंह को मिली अग्रिम जमानत

**वाराणसी।** भोजपुरी गायक पवन सिंह को कैंट थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमे में अपर जिला जज (प्रथम) देवकांत शुक्ला की अदालत ने सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। अदालत ने पवन सिंह को आदेश दिया है कि वह इस आशय की अंडरटेकिंग प्रस्तुत करेंगे कि वह विवेचना में सहयोग करेंगे और संबंधित साक्षियों को आतंकित व प्रभावित नहीं करेंगे।

## यूपी के मथुरा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा की एंट्री, बोले-

# हम दंगा नहीं, गंगा चाहते हैं, हिंदू एक हों, वरना हर गली में बम फूटेंगे

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा की एंट्री हो गई। गुरुवार को दोपहर बाद धीरेंद्र शास्त्री लाखों श्रद्धालुओं के साथ मथुरा में प्रवेश किए। 7 नवंबर को दिल्ली से चली यह यात्रा 16 नवंबर को वृंदावन तक जाने वाली है। हालांकि, अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते विवादों में घिर गई। बुधवार को हरियाणा के होडल में यात्रा के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने रुकने से इनकार कर दिया और यात्रा जारी रखी। धीरेंद्र शास्त्री ने मथुरा में प्रवेश करने के साथ ही हिंदुओं की एकता की बात करते हुए आक्रामक हो गए। उन्होंने दिल्ली ब्लास्ट को आतंकवादी हमला बताते हुए कई विवादास्पद बयान दिए, जिनसे माहौल गरमा गया।



### सनातन एकता यात्रा को बताया वैचारिक

मथुरा में सनातन यात्रा के प्रवेश के मौके पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि "हिंदू एकता और सांस्कृतिक जागरण" के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा कि यह एक वैचारिक यात्रा है, हिंदुओं की एकता की यात्रा है। हम देश में दंगा नहीं, गंगा चाहते हैं। हमें बम फोड़ने वाले नहीं, नारियल चढ़ाने वाले चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथी विचारधारा के लोग इस यात्रा को निशाना बना रहे हैं क्योंकि वे समाज में एकता और सद्भावना नहीं चाहते। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं को जागना होगा, वरना वो दिन दूर नहीं जब हर गली में बम फूटेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने दिल्ली विस्फोट को आतंकी हमला बताते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ राजधानी को नहीं बल्कि सनातन एकता की आवाज को डराने के लिए किया गया। हालांकि, उन्होंने इससे कोई फर्क न पड़ने की बात कही।

### डॉ. मुल्ला न बनने की अपील

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि दिल्ली में किया गया हमला एक आतंकवादी हमला था। इस हमले के जरिए हमारी पदयात्रा को टारगेट करने की कोशिश की गई। वे चाहते हैं कि हिंदू डर जाएं और यात्रा छोड़ दें, लेकिन हम डरने वाले नहीं। दिल्ली ब्लास्ट के बाद एक विवादित टिप्पणी करते हुए शास्त्री ने कहा कि कुछ धार्मिक संस्थान बच्चों को कट्टरपंथ की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौलवी मदरसे में बच्चों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम बनाएं, डॉ. मुल्ला नहीं, जो आतंकवाद में पकड़े गए। धीरेंद्र शास्त्री ने चेतावनी दी कि अगर इस सोच में बदलाव नहीं आया तो पूरी कौम को परेशानी झेलनी पड़ेगी और देश में रहना मुश्किल हो जाएगा। धीरेंद्र शास्त्री यहीं नहीं रुके। उन्होंने सीधे तौर पर मदरसा शिक्षा पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों को काफिर कहने वालों की मजहबी सोच है। बच्चों को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाना चाहिए, आतंकवाद का नहीं। मदरसे की तालीम को आतंकवादी वाली तालीम बनाना सबसे बड़ी गलती है।

## पेज एक का शेष

### जनवरी में लाल....

में लाल किला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी को लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस अभी तक 10 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में पता चला है कि आतंकी संगठन अपने विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से संवाद करते थे और इसी माध्यम से उन्हें आदेश भी मिलते थे। अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी शिपमेंट और पैकेज जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे। जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोडवर्ड्स को बरामद किया है, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ है।

**अब एअर इंडिया की टोरंटो दिल्ली उड़ान में बम की अफवाहः** पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। इसी बीच गुरुवार को भी कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी यानी दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहीं। सुबह दिल्ली पुलिस को फ्लाइट एआई-188 से जुड़ा बम धमकी संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी का गठन किया गया। अल फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी मिली ब्रेजा, गाड़ी शाहीन के नाम इस्तेमाल कर रहा था कोई और फरीदाबाद के धौज में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक और कार बरामद की है। ये ब्रेजा कार इस मामले में गिरफ्तार हो चुकी जैश की महिला विंग की कमांडर डॉक्टर शाहीन के नाम पर है। यह कार सितंबर 2025 में ही खरीदी गई थी। कार को यूनिवर्सिटी का एक अन्य डॉक्टर इस्तेमाल कर रहा था। उसे भी हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले जो एक डिजायर कार मिली थी, वह भी डॉक्टर शाहिन की ही थी। उस डिजायर कार में एक एके-47 राइफल मिली थी।

### आतंकियों के ....

से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटों बाद दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के पास एक धीमी गति से चलती कार में उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हुआ था। पुलिस ने जम्मू कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर लगभग 2910 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किया था।

### दोषियों को ऐसी....

और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी जताई। गृह मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली आतंकी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि हमारे देश में कोई भी ऐसे हमले के बारे में सोचने की भी हिम्मत न करे। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है और मोदी इस वैश्विक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

### एक्जिट पोल की....

विनोद सिंह गुंजियाल ने 38 जिलों के डीएम के साथ गिनती की समीक्षा की। काउंटिंग का तरीका और रैंडमाइजेशन हर विधानसभा सीट के लिए मतगणना केंद्र में अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं। एक राउंड में 14 ईवीएम की गिनती होगी, जिसके लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। गिनती से पहले सुबह 6 बजे मतगणना केंद्र पर रैंडमाइजेशन किया जाएगा। रैंडमाइजेशन के बाद ही यह तय होगा कि किस अधिकारी की ड्यूटी किस काउंटिंग टेबल पर होगी। वीवीपैट और सुरक्षा नियम मतगणना के दौरान किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी। फॉर्म 17सी और ईवीएम डेटा में बेमेल पाए जाने पर भी वीवीपैट की गणना होगी। मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से रोक है, इसके साथ ही मतगणना परिसर के आसपास विजय जुलूस और नारेबाजी पर भी रोक लगाई गई है।

### पुराने घोटाले की....

समूह की कंपनियों में फर्जी निवेश योजनाएं चलाकर लोगों से करोड़ों रुपये जमा कराए, और बाद में नकली दस्तावेज बनाकर निवेशकों को दिखाया कि उनके जमा पैसे शेयरों में बदल दिए गए हैं। इन गंभीर आरोपों ने अब अल-फलाह यूनिवर्सिटी के कामकाज और उसकी वित्तीय पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच एजेंसियां अब सिद्दीकी के कॉरपोरेट नेटवर्क, विश्वविद्यालय के वित्तीय स्रोतों और नियुक्ति प्रक्रिया, तीनों पर समानांतर जांच चला रही हैं।

### जामिया नगर का ....

और सॉफ्टवेयर कंपनियों तक, जिनके अब आतंकवाद से जुड़े संदिग्धों से संबंधों की जांच हो रही है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या अल-फलाह समूह की कंपनियों का नेटवर्क केवल व्यापारिक मुखौटा था या किसी बड़े वित्तीय और आतंकी फंडिंग नेटवर्क का हिस्सा। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की निगाहें अब इस विश्वविद्यालय और उससे जुड़ी सभी संस्थाओं पर हैं।

### पुल पर ट्रक ...

इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुणे दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। हादसा शाम के व्यस्त समय में हुआ, जिसलंबा जाम लग गया। पुलिस और बचाव दल राहत-बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। खबर मिलते ही दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं।

### सर्वदलीय बैठक को....

में 13 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए हैं, जिसके लिए मोदी सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पवन खेड़ा ने पीड़ित लोगों के साथ संवेदनाएं व्यक्त करते हुए सरकार से सवाल किया कि यह विस्फोटक सामग्री वहाँ कैसे पहुँची? यह विस्फोट कैसे संभव हुआ? किस स्तर पर विफलता हुई? विफलता की जवाबदेही कौन लेगा? उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि मोदी सरकार को इसे आतंकी हमला मानने में 48 घंटे लग गए। कांग्रेस नेता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के सुरक्षा पर पैनी नजर के कथित दावों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि दिल्ली से मात्र 20 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में 2,900 किलो विस्फोटक सामग्री कैसे पहुँच गई। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले में इस्तेमाल हुआ आरडीएक्स वहाँ कैसे पहुँचा था, इसका जवाब भी आज तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार दिल्ली बम धमाके को गंभीरता से ले रही होती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आतंकी हमले के तुरंत बाद भूटान नीं जाते। कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि यूपीए के शासनकाल में 26/11 मुंबई हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने इस्तीफा दिया था। उन्होंने पूछा कि अब दिल्ली में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी कौन ले रहा है? पवन खेड़ा ने कहा कि जब भी देश के किसी हिस्से में आतंकी हमला होता है तो कांग्रेस पार्टी हमेशा राष्ट्रहित में सरकार के साथ खड़ी रहती है- चाहे वह उरी, पठानकोट, अमरनाथ, पुलवामा, पहलगाम में हुआ हमला हो या अब लाल किले के समीप हुआ हमला। कांग्रेस नेता ने पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान लिए गए मोदी सरकार के उस कथित फैसले का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' यानी युद्धात्मक कार्रवाई माना जाएगा। इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, ताकत और प्रेरणा मिलने का हवाला देते हुए उन्होंने पूछा कि अब सरकार इस आतंकी हमले को किस तरह से देख रही है और क्या इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को न्याय के कटघरे में लाएगी? उन्होंने कहा कि भारत सरकार को सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति एकजुट दृष्टिकोण सुनिश्चित करना चाहिए।

### भारत मामले की ...

ऐसे मामलों में जांच करने में पूरी तरह से काबिल यानी सक्षम है। वह अच्छा काम कर रहे हैं। भारतीय अधिकारी बेहद पेशेवराना अंदाज में सोच-समझकर और अत्यंत सावधानी के साथ समूची जांच प्रक्रिया का प्रबंधन कर रहे हैं। रुबियो ने कहा कि इस आतंकवादी हमले में अत्यधिक विस्फोटक से भरी हुई कार में धमाका हुआ था। जिसमें कई लोगों की जान चली गई। लेकिन मुझे लगता है कि भारत इस मामले की बहुत अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर रहा है। जब उनके पास इस संबंध में सबूत होंगे। तब वो उन्हें सार्वजनिक कर देंगे। कनाडा के हैमिल्टन में जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर पत्रकारों से बातचीत में अमेरिका के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी है। बताते चलें कि अमेरिका के साथ दुनिया के कई अन्य देशों ने भी घटना के बाद भारत को अपना समर्थन प्रदान किया है। जिसमें चीन, रूस, भूटान, मालदीव, सिंगापुर, ब्रिटेन जैसे देश शामिल हैं।

**गोर ने प्रकट की संवेदनाएंः** पूर्व में भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने 11 नवंबर को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए घटना के बाद भारत के साथ एकजुटता प्रकट की थी। उन्होंने ये भी कहा था कि हम दिल्ली बम धमाके में मारे गए लोगों और उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। इसके अलावा घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। **जयशंकर और रुबियो की हुई मुलाकातः** भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की कनाडा में एक मुलाकात हुई है। जिसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए डॉ.जयशंकर ने बताया कि दिल्ली धमाके में हुए जानमाल के नुकसान को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा प्रकट की गई संवेदनाओं के लिए उनकी सराहना करता हूं। हमारी मुलाकात के दौरान व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर केंद्रित हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की गई। बातचीत में मध्य-पूर्व, पश्चिम-एशिया की स्थिति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### 1 नवम्बर से 10 ...

हुआ कि पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार और फर्जी दस्तावेज भारत में भेजे जा रहे थे। ये आरोपी देश के अंदर आतंकियों के लिए लॉजिस्टिक नेटवर्क खड़ा कर रहे थे।

7 नवम्बर — राजस्थान में टीटीपी लिंक उजागर

राजस्थान एटीएस ने जालौर जिले के सांचौर से मौलवी उसामा उमर को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार वर्षों से युवाओं को कट्टरपंथ की राह पर ले जा रहा था। उसके पास से विदेशी फोन नंबरों से संपर्क के प्रमाण और डिजिटल उपकरण बरामद हुए।

अक्टूबर माह की प्रमुख कार्रवाइयाँ

27 अक्टूबर (दिल्ली): स्पेशल सेल ने आइएसआईएस प्रेरित मॉड्यूल 'सौत-उल-उम्माह' का भंडाफोड़ किया। दो आतंकी गिरफ्तार, आत्मघाती हमले की साजिश का पर्दाफाश।

24 अक्टूबर (दिल्ली): दो फिदायीन प्रशिक्षित युवकों की गिरफ्तारी।

13 अक्टूबर (आंध्रप्रदेश-महाराष्ट्र): जैश-ए-मोहम्मद मॉड्यूल निष्क्रिय किया गया।

15 अक्टूबर (पंजाब): बॉर्डर आर्म्स और ओपियम नेटवर्क का खुलासा।

सितम्बर की बड़ी कार्रवाई

30 सितम्बर (उत्तर प्रदेश): चार लोगों की गिरफ्तारी, मुजाहिदीन आर्मी के नाम से शरिया आधारित शासन स्थापित करने की साजिश।

17 सितम्बर (आंध्रप्रदेश): एनआईए ने ऑनलाइन आइएसआईएस नेटवर्क पर छापा, 16 स्थानों से डिजिटल साक्ष्य बरामद।

11 सितम्बर (दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना, मध्य प्रदेश): पाकिस्तान समर्थित मॉड्यूल का पर्दाफाश, पाँच आतंकी गिरफ्तार।

अन्य महीनों की कार्रवाइयाँ

अगस्त 27: एनआईए ने नेपाल बॉर्डर के पास अबू तालिब को गिरफ्तार किया।

जुलाई 24: गुजरात और यूपी में आक्सि मॉड्यूल का भंडाफोड़ — गजवा-ए-हिंद प्रचारक गिरफ्तार।

मई 20: पंजाब में आईएसआई समर्थित बीकेआई नेटवर्क का पर्दाफाश।

मई 19: हैदराबाद में दो आईएसआईएस लिंक आतंकी गिरफ्तार।

सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता: गृह मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, इन कार्रवाइयों से साफ है कि देशभर में सक्रिय आतंकी नेटवर्कों को खत्म करने के लिए पुलिस, एटीएस और एनआईए जैसी एजेंसियाँ मिलकर काम कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने कहा है कि सोशल मीडिया के जरिये कट्टरपंथ और भर्ती की कोशिशें बढ़ी हैं, लेकिन समय रहते कई बड़ी साजिशों को नाकाम किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार....

भारत के थीम से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा पेवेलियन को बनाया गया है। पेवेलियन में हरियाणवी संस्कृति के साथ-साथ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहे प्रदेश की झलक भी देखने को मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि पैवेलियन की शुरूआत में एनामॉर्फिक एलईडी स्क्रीन और आकर्षक हरियाणवी आर्ट फॉर्म लगाई गई है। बाएं और दाएं हरियाणवी पारंपरिक कला से जुड़े डिजाइन और आधुनिक डिजाइन का मिश्रण करते हुए हरियाणा की विकास गाथा को दर्शाया गया है, जो आगंतुकों को अपनी ओर खीचेंगा। यह देखने में जितना आकर्षक है, उतना ही ज्ञानवर्धक भी है।

### थीम वॉल पर....

तकनीक और एलईडी बैकड्रॉप से लैस सेल्फी पॉइंट जैसी तकनीकों की एक श्रृंखला आगंतुकों को हरियाणा के इस ऐतिहासिक स्थल से व्यक्तिगत और यादगार तरीके से जुड़ने का अवसर देती है। प्रौद्योगिकी प्रदर्शन क्षेत्र हरियाणा के दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है – जिसमें मूर्त डिजिटल टेबल, इन्फोटेनमेंट मॉड्यूल के साथ इंटरैक्टिव कियोस्क शामिल हैं जो नवाचार, निवेश के अवसरों और राज्य के तेज डिजिटल परिवर्तन को उजागर करते हैं। ये अनुभव समान रूप से भागीदारी, सीखने और खेलने को आमंत्रित करते हैं।

### 22 एमएसएमई....

मंडप में कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उन्हें उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए जगह प्रदान करके प्रयास किए गए हैं। 11 कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों तथा 22 एमएसएमई ने अपने स्टॉल लगाए हैं जो राज्य में उपलब्ध कौशल को उजागर करते हैं। उद्यमियों द्वारा मंडप में प्रदर्शित मुख्य उत्पादों में टेराकोटा पॉटरी, कृत्रिम आभूषण, जैविक और हर्बल उत्पाद, फुलकारी, गज्जक और रेवड़ी, सोया चाप, जिम उपकरण, कांच के खिलौने, खेल के कपड़े, सॉफ्ट टॉय, इत्र और वस्त्र आदि शामिल हैं। इसके अलावा, एक कारीगर को लाइव प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान किया गया है जिसमें बेकार प्लास्टिक से बनी पर्यावरण के अनुकूल पेंटिंग शामिल हैं।

### नौसेना में अगले सप्ताह...

दिनेश कुमार त्रिपाठी की मौजूदा अमेरिका यात्रा (12 से 17 नवंबर तक) की वजह से सेनाप्रमुख इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### 90 फीसदी से ....

बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया जाएगा। इसकी कुल लंबाई 78 मीटर है और समुद्र में इसका संचालन डीजल इंजन और वाटर जेट संयोजन की मदद से किया जाएगा। यह युद्धपोत भारत की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। माहे में 90 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पृथ्वी सिंह पुत्र** धर्म सिंह, **निवासी** 61, पोल नं0–62 पुरानी चौपाल के पास ककरोला–VI, द्वारका दिल्ली, दक्षिण द्वारका, दिल्ली, ने **FIR No. 946/20, U/S 323/341/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पृथ्वी सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पृथ्वी सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 946/20, U/S 323/341/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पृथ्वी सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री कोमल गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**पश्चिम जिला, कमरा नं0–292,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15337/OD/2025**
**(Court Matter)**


**CNH CAPITAL**

**CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
(CIN: U65999DL2017PTC325228)
**Regd Office:** 4th Floor Rectangle No.1 Behind Marriot Hotel,
Commercial Complex D4, Saket, New Delhi South Delhi DL 110017 IN
**Statement under Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the quarter and half year ended 30 September 2025**
(Rs. in Millions)

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2025**

| S.No. | Particulars | Quarter ended 30.09.2025 (Unaudited) | Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2024 (Unaudited) | Half Year ended 30.09.2025 (Unaudited) | Half Year ended 30.09.2024 (Unaudited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 660.21 | 656.75 | 562.41 | 1,316.96 | 1,144.82 | 2,427.93 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 87.07 | 180.98 | 98.56 | 268.05 | 315.79 | 763.83 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 87.07 | 180.98 | 98.56 | 268.05 | 315.79 | 763.83 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 75.42 | 129.80 | 71.82 | 205.22 | 234.47 | 593.68 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) | 72.94 | 117.24 | 71.82 | 190.18 | 237.09 | 594.86 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 1,738.71 | 1,665.77 | 1,190.80 | 1,738.71 | 1,190.80 | 1,548.56 |
| 8. | Securities Premium Account | - | - | - | - | - | - |
| 9. | Net Worth | 5,710.71 | 5,637.77 | 5,162.80 | 5,710.71 | 5,162.80 | 5,520.56 |
| 10. | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 6,342.65 | 15,027.99 | 13,184.14 | 16,342.65 | 13,184.14 | 14,063.23 |
| 11. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 12. | Debt Equity Ratio | 2.86 | 2.67 | 2.55 | 2.86 | 2.55 | 2.55 |
| 13. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)* | | | | | | |
| | a) Basic | 0.19 | 0.33 | 0.18 | 0.52 | 0.59 | 1.49 |
| | b) Diluted | 0.19 | 0.33 | 0.18 | 0.52 | 0.59 | 1.49 |
| 14. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |

*Quarter and half year end Basic EPS and Diluted EPS are not annualised

Note 1: The above unaudited financial results for the quarter and half year ended 30 September 2025 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 13 November 2025 and are limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company pursuant to the requirement of Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015 (as amended) including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Note 2: The above is an extract of the detailed format of the quarter and half year ended results filed with the Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015. The full financial results are available on the website of BSE (https://listing.bseindia.com) and is also available on the Company's website (www.cnhindustrial capital.com)

Note 3: For other items referred to in the sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the BSE and can be assessed on (https://listing.bseindia.com).

Note 4: The results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard (Ind AS) 34 - "Interim Financial Reporting" as prescribed under section 133 of the Companies Act,2013 (the Act) and other accounting principles generally accepted in India.

**For CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
Sd:-
**Vishal Chaudhury**
Managing Director
DIN No.: 09463209

Place: Gurugram
Date: 13 November, 2025



**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड**
**PET** POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES
**CIN No. L25209DL1971PLC005535**
**पंजीकृत कार्यालय :** ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
**टेलीफोन नंबर:** +91–11–47385300, **फैक्स:** +91–11–47480746
**ईमेल:** pearl@pearlpet.net, **वेब:** www.pearlpet.net

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 414.58 | 937.58 | 679.05 | 1,352.16 | 1,523.45 | 2,516.81 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | −193.79 | 289.44 | 23.18 | 95.65 | 152.42 | −527.13 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | −193.79 | 289.44 | 23.18 | 95.65 | 152.42 | −527.13 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | −193.86 | 289.44 | 23.18 | 95.58 | 152.42 | −512 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि)(कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | −193.86 | 289.44 | 23.18 | 95.58 | 152.42 | −515.24 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | | | |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/– रुपये प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | 1. मूल | −1.15 | 1.72 | 0.14 | 0.57 | 0.91 | −3.04 |
| | 2. तनुकृत | −1.15 | 1.72 | 0.14 | 0.57 | 0.91 | −3.04 |

नोट:
ऊपर सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए असंबद्ध तिमाही और अर्ध वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष के लिए असंबद्ध वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों: www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट: www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 13 नवंबर, 2025



**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालय: 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
टेलीफोन नंबर 01292275691–94 ईमेल: fbd@frickmail.com वेबसाइट: www.frickweb.com

**30.09.2025 को समाप्त तिमाही और छह महीनों के लिए स्टैंडअलोन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | छमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | छमाही समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | | | | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 10,004.36 | 7,519.50 | 8,642.48 | 17,523.86 | 17,616.94 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 214.02 | 428.43 | 342.51 | 642.45 | 693.38 | 1,068.15 |
| III | **कुल आय (I+II)** | **10,218.38** | **7,947.93** | **8,984.99** | **18,166.31** | **18,310.32** | **44,762.59** |
| IV | व्यय | | | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 7,544.27 | 5,576.41 | 6,060.51 | 13,120.68 | 13,050.07 | 28,765.51 |
| | तैयार माल की सूची में परिवर्तन, कार्य–प्रगति और स्टॉक–इन–ट्रेड | (665.01) | (522.91) | (285.15) | (1,187.92) | (1,273.88) | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,640.87 | 1,586.63 | 1,486.73 | 3,227.50 | 2,971.63 | 6,327.33 |
| | वित्त लागत | 47.23 | 75.16 | 52.63 | 122.39 | 115.58 | 264.21 |
| | मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय | 105.26 | 98.59 | 64.46 | 203.85 | 123.85 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 915.42 | 807.36 | 814.79 | 1,722.78 | 1,664.65 | 3,875.31 |
| | **कुल व्यय (IV)** | 9,588.04 | 7,621.24 | 8,193.97 | 17,209.28 | 16,651.90 | 40,143.93 |
| V | **कर से पहले लाभ (III-IV)** | 630.34 | 326.69 | 791.02 | 957.03 | 1,658.42 | 4,618.66 |
| VI | **कर व्यय** | | | | | | |
| | क) चालू कर | 174.38 | 67.35 | 226.90 | 241.73 | 423.20 | 1,215.00 |
| | ख) स्थगित कर | 17.86 | 8.15 | 29.28 | 26.01 | 31.73 | (70.80) |
| | ग) पिछले वर्षों के लिए आयकर | – | – | – | – | – | (9.22) |
| | **कुल कर (VI)** | **192.24** | **75.50** | **256.18** | **267.74** | **454.93** | **1,134.98** |
| VII | **अवधि के लिए कर के बाद लाभ (V-VI)** | 438.10 | 251.19 | 534.84 | 689.29 | 1,203.49 | 3,483.68 |
| VIII | **अन्य व्यापक आय (करों के बाद शुद्ध)** | | | | | | |
| | (ए) (I) आइटम जिन्हें पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा लाभ या हानि: | (3.92) | (3.93) | (4.00) | (7.85) | (8.01) | (15.71) |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा: | 1.00 | 0.99 | 1.01 | 1.99 | 2.02 | 3.95 |
| | (बी)(I) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा: | – | – | – | – | – | – |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा: | – | – | – | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (VIII) | (2.92) | (2.94) | (2.99) | (5.86) | (5.99) | (11.76) |
| IX | **अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VII+VIII)** | **435.18** | **248.25** | **531.85** | **683.43** | **1,197.50** | **3,471.92** |
| X | **अन्य इक्विटी** | | | | | | 30,219.71 |
| XI | पेड–अप इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | | | | |
| | क) बेसिक ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 7.30 | 4.19 | 8.92 | 11.49 | 20.06 | 58.06 |
| | ख) डाइलूटेड ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 7.30 | 4.19 | 8.92 | 11.49 | 20.06 | 58.06 |

नोट्स:
1 उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 13.11.2025 को आयोजित निदेशक मंडल की संबंधित बैठकों में इन्हें अनुमोदित कर अभिलेख में दर्ज कर लिया गया है और कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई है।
2 कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और वातानुकूलन प्रणालियों के निर्माण, आपूर्ति और कार्यान्वयन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूँकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिमों और प्रतिफलों के एक ही समूह द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए इंड एस 108 "परिचालन खंड" के अनुसार, इसमें केवल एक ही रिपोर्ट योग्य खंड है।
3 पिछली अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को, जहाँ भी आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआइएन : 00383412

दिनांक : 13.11.2025
स्थान : दिल्ली

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट

बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज है?



## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगाः सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगाः सैयांश गुप्ता

**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'



सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिलेः हरीति जोशी




**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *



प्रेरणा / विनय कुमार पाठक

कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

# सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेवनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धिः** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणाः** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वीः** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।


एआई इमेज



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

# नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होनें कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।


हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तकः** हारिए न हिम्मत, **लेखकः** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्यः** 350 रुपए, **प्रकाशकः** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली



## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रितेश, मटियारी


आशना, जांजगीर


प्रियांशु, रायपुर


ईशान, ई-मेल से


सूर्यांश, बिलासपुर


पराग, ई-मेल से

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा



## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया रिलायंस कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों का वर्चुअल उद्घाटन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अत्याधुनिक कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स साझेदारी और प्रगति का प्रतीक हैं। यह कचरे को ऊर्जा में बदलते हैं। मध्यप्रदेश की धरती बेहद उपजाऊ है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स के जरिए ऊर्जा उत्पादन से प्रदेश में पराली, नरवाई जलाने जैसी घटनाएं भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में भविष्य की ऊर्जा तैयार कर रहे हैं।

डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिलायंस ग्रीन एनर्जी कंपनी द्वारा भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) आज की जरूरत है। समेकित ऊर्जा उत्पादन पद्धति से हम देश और प्रदेश को स्वच्छ, हरित और उज्ज्वल भविष्य की ओर लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी भागीदारी और सहयोग से हम मध्यप्रदेश को हरित ऊर्जा का हब बनाएंगे।

## पराली जलाने जैसी घटनाएं होंगी कम
## मध्य प्रदेश को बनाएंगे हरित ऊर्जा का हब

कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स कचरे को ऊर्जा में बदलने का उत्कृष्ट उदाहरण


भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन करते सीएम डॉ. मोहन।

## डॉ. मोहन ने किया था तीनों सीबीजी प्लांट्स का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इन तीनों सीबीजी प्लांट्स का वर्ष 2023-24 में भूमिपूजन किया गया था और बुधवार को उनके द्वारा लोकार्पण भी किया गया। कम्पनी द्वारा प्रदेश में कुल 6 संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से तीन का लोकार्पण बुधवार को सम्पन्न हुआ। जबलपुर, बालाघाट और सीहोर में एक-एक संयंत्र निर्माणाधीन होकर तेजी से प्रगति पर हैं। डॉ. यादव ने कहा कि आज भोपाल के आदमपुर छावनी क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा स्थापित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का उद्घाटन किया जा रहा है। यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वेस्ट-टू-वेल्थ' और 'एनर्जी फ्रॉम वेस्ट' के विजन को साकार करने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य स्वच्छ और सतत ऊर्जा उत्पादन के साथ भारत के 2070 तक 'नेट जीरो कार्बन एमिशन' लक्ष्य प्राप्ति में भूमिका निभाना है।

### झीलों की नगरी में 20 एकड़ भूमि पर बन रहा वेस्ट से वेल्थ का सेंटर

कार्यक्रम में रिलायंस कम्पनी के पदाधिकारियों ने बताया कि भोपाल के 20 एकड़ भूमि में 130 करोड़ रुपए की लागत से बने कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट से प्रतिदिन 22.5 टन बायो गैस का उत्पादन होगा, जिसके लिए 260 टन कृषि अवशेष जैसे पराली और नेपियर घास का उपयोग किया जाएगा। यही कचरा, जो पहले प्रदूषण का कारण बनता था, अब ऊर्जा का स्रोत बनेगा। यह अपने आप में 'कचरे से कंचन' की साकार मिसाल है। इस प्लांट से निकलने वाली गैस का उपयोग बायो-सीएनजी के रूप में वाहनों, घरेलू और औद्योगिक उपयोग में होगा, जो लगभग 2000 ऑटो रिक्शा और लघु वाहनों को ईंधन प्रदान कर सकेगी। इस प्लांट से 250 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### सीएम डॉ. मोहन ने जनजातीय गौरव वर्ष पर ऑल इंडिया एनजीओ मीट का किया शुभारंभ

# हमारी सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथ खड़ी है। जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी है। इसके लिए देशभर से स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी भोपाल में एकत्रित हुए हैं। इस विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह हमारी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि जनजातियों के कल्याण के लिए सरकार सभी स्वयंसेवी संस्थाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रम चलाने वाली संस्थाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी। डॉ. यादव बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती एवं जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- जनजातीय वर्ग हमारी संस्कृति की आत्मा, जननायकों की सहज रहे स्मृतियां : सीएम
- जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी


कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### एनजीओ का कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनजीओ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, वंचितों एवं हाशिए पर खड़े समूहों की आवाज उठाने व सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करने वाली संस्थाएं हैं। एनजीओ ग्रामीण विकास एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में योजनाओं को लागू करने और सरकारी नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में सरकार एवं जनता की मदद करते हैं। एनजीओ का शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आदि के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज के इस नेशनल कॉन्क्लेव में 4 सेक्टरों शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वन अधिकार अधिनियम एवं ट्राइबल गवर्नेंस पर इन्टरैक्टिव चर्चाएं होंगी। इसमें प्राप्त निष्कर्ष केन्द्र एव राज्य सरकार को अपनी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।*

### नेशनल कॉन्क्लेव के आयोजन से गौरवान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम गौरवान्वित हैं कि देश-प्रदेश के जनजातीय भाइयों के कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ के नेशनल कॉन्क्लेव आयोजन का सौभाग्य हमें मिला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने हमेशा जनजातीय सशक्तिकरण को ही अपनी नीतियों के केन्द्र में रखा है। जनजातीय कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लागू करने तथा दूर-दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास में एनजीओ बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जनजातीय समुदाय के विकास में गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदाय के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस पुनीत कार्य में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ संस्थाओं के साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने रानी दुर्गावती के 300वें जयंती वर्ष में उन्हें समर्पित कैबिनेट बैठक का आयोजन जबलपुर में किया। राज्य सरकार राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के जनहितैषी कार्यों को भी जनता के बीच लेकर आई है। हमारी सरकार ने खरगोन जैसे ट्राइबल बेल्ट में टंट्या मामा भील के नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शासन के कार्यों में स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग मिलने से लक्ष्य प्राप्ति में आसानी होती है।

### जननायकों की स्मृतियों को सहेज रही है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना हो या देश भर में जननायकों के सम्मान में संग्रहालयों और स्मारकों का निर्माण हो। हम अपने जननायकों की स्मृतियां सहेज रहे हैं। पाठ्यक्रमों में जननायकों की जीवनी को शामिल किया है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने असली नायकों से परिचित हो सके। हमारी सरकार ने जन-जन तक अमर राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह की वीरता को पहुंचाने और उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निर्माण कराया है।

### डीआरजी, दंतेवाड़ा और एसटीएफ का प्रयास

# 27 लाख के छह इनामी खूंखार नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के कांदुलनार, कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 27 लाख रुपये के इनामी छह खूंखार नक्सली मारे गए हैं।

इस संयुक्त अभियान को डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की टीमों ने अंजाम दिया। सुरक्षाबलों को डीकेएसजेडसीएम पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना, डीवीसीएम उर्मिला, डीवीसीएम मोहन कड़ती सहित पश्चिम बस्तर डिवीजन के करीब 50 से 60 माओवादियों के एक बड़े समूह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने तत्काल इलाके में एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। 11 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई यह मुठभेड़ रुक-रुक कर दो दिनों तक जारी रही, जिसमें अंततः छह प्रमुख नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली।



### मौके से भारी मात्रा में बरामद हुए हथियार

*पुलिस ने एनकाउंटर के बाद जानकारी देते हुए बताया था कि मुठभेड़ स्थल से 3 एके-47 राइफल, 4 सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), 6 इंसास राइफल, एक कार्बाइन, 6.303 राइफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल), दो रॉकेट लांचर, 12 बोर की दो बंदूकें, एक देशी पिस्तौल, दो भरमार बंदूकें और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बसवराज पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक करोड़ रुपये, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 50 लाख रुपये, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सरकारों ने 25-25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि देश के सभी वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में उस पर कुल 10 करोड़ रुपये का इनाम था।*

### मुख्यमंत्री सैनी 'म्हारी सड़क एप' पर शिकायतों को लेकर सख्त, समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# समय पर नहीं की सड़क की मरम्मत, अब नपेंगे 19 अफसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री ने म्हारी सड़क एप की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के सम्बंधित 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, एचएसएएमबी के 6, एसएसआईआईडीसी के 2, जिला परिषद का 1, यूएलबी के 5 और एसएसवीपी के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार तैय समय सीमा में शिकायतों का निवारण नहीं कर रहे हैं, संबंधित विभाग उनके खिलाफ भी कार्यवाही करे। सीएम ने यह निर्देश 'म्हारी सड़क ऐप' पर आई शिकायतों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। अधिकारियों को जो भी कार्य दिया जाता है या लोगों की कोई शिकायत आती है तो उसका समाधान धरातल पर शत प्रतिशत दिखना चाहिए।

## समाधान के बाद ही शिकायत बंद करें

### सड़कों पर सफेद पट्टी लगाना सुनिश्चित करें

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी आम जनता द्वारा एप पर भेजी गई सड़कों की शिकायतों के पूर्ण समाधान के बाद ही शिकायत को बंद करे, यदि किसी शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, प्रदेश की सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगवाने भी सुनिश्चित किए जाए। उन्होंनेने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एप पर शिकायत आते ही उसको तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।



### दयालु-II योजना पोर्टल का शुभारंभ

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश मे किसी भी नागरिक की आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर दयालु योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए दयालु-II योजना पोर्टल का सरलीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री आज चण्डीगढ में दयालु-II योजना पोर्टल का शुभारम्भ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दयालु -II पोर्टल सरकार की पारदर्शी और सरल सेवा वितरण की दिशा में एक ओर महत्वपूर्ण कदम होगा। इस डिजिटल पहल से पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ ओर अधिक तेजी व सटीकता के साथ मिलेगा।*

### ब्रहमसरोवर व ज्योतिसर के जीर्णोद्वार का कार्य मेला शुरू होने से पहले पूरा करें

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तहत होने वाले सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए और विकास कार्यों में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी कार्य में कोई लापरवाही व कोताही बरती जाएगी तो उसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधीन आने वाले तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण, सौन्दर्यकरण आदि को लेकर किए जाने वाले विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रहमसरोवर, ज्योतिसर तीर्थ के कार्य प्राथमिकता के आधार पर मेला शुरू होने से पहले पूरे कर लिये जाएं ताकि जनता को उनका लाभ आसानी से मिल सके।

### राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह पर राज्य स्तरीय समारोह आज

चंडीगढ़। चसहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता विभाग राष्ट्रीय स्तर पर 72वां सहकारिता सप्ताह मनाने जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहकारिता माध्यम थीम पर मनाए जा रहे इस आयोजन को प्रदेश में भी बड़े जोर-शोर के साथ मनाया जाएगा। 14 नवंबर को सोनीपत में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा।

### मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत, डीएफओ को निरस्त करना पड़ा आदेश

**भोपाल।** डीएफओ अनूपपुर को चार नवंबर को जारी किया गया कर्मचारी विरोधी आदेश मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करने के बाद निरस्त करना पड़ा। मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार से नियम विरुद्ध एवं सरकार के आदेशों के विपरीत तथा बिना अधिकार के आदेश जारी करने वाले डीएफओ की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि डीएफओ अनूपपुर विपिन पटेल ने चार नवंबर 2025 को बिना शासन आदेश के उच्चतर पद के प्रभार में पदस्थ वन कर्मचारियों को पदावनत करने का कर्मचारी विरोधी आदेश पारित किया था। उक्त कर्मचारी विरोधी आदेश का कर्मचारी मंच ने विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर आदेश को निरस्त को करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद एवं कर्मचारी मंच के विरोध के कारण डीएफओ अनूपपुर को कर्मचारी विरोधी आदेश को निरस्त करना पड़ा।

### घटना के बाद बाल-बाल बचा ऑटो चालक

# इलेक्ट्रिक ऑटो को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत रजगामार रोड चावल गोदाम के पास एक तेज रफ्तार कार इलेक्ट्रिक ऑटो को टक्कर मारते हुए स्विफ्ट डिजायर में जा घुसी। इस हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और हड़कप मच गया। इसकी सूचना 112 को दी गई।

बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 3303 को एक डॉक्टर चला रहा था, इस दौरान सिविल लाइन थाना अंतर्गत चावल गोदाम तिराहा चौक के पास दो बाइक सवार पहले कार की चपेट में आने से बचे। इसके बाद सवारी वाली इलेक्ट्रिक ऑटो से कार जा टकराई और फिर स्विफ्ट डिजायर को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे जा घुसी। इस हादसे में इलेक्ट्रिक ऑटो चालक को मामूली छोटी आई है। चौक पर होटल संचालक ने बताया कि इस चौक पर अक्सर



हादसे होते रहते हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है। ठीक एक माह पहले एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। तिराहा होने के कारण यह घटना सामने आई थी। इस जगह पर स्टॉपर होना बहुत जरूरी है, नहीं तो और भी लोगों की जान जा सकती है।

इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव है और इस चौक पर ब्रेकर होना बेहद जरूरी है। इस मार्ग पर जिला मेडिकल कॉलेज, आरटीओ, तहसील के अलावा, पुलिस लाइन नगर सेवा कार्यालय और तीन निजी अस्पताल और दो विद्यालय संचालित हैं, जो महज एक किलोमीटर की दूरी पर ही है।

### समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले अधिकारी

पदाधिकारियों ने कहा- हम सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजना का लेंगे भरपूर लाभ

# टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मप्र में करेगी 950 करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में सभी निवेशकों का हृदय से स्वागत है। निवेशकों को सरकार अपनी योजनाओं का लाभ देने के साथ इकाई या कारखाना स्थापित करने में सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री से टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी (जापानी समूह से अधिगृहित) के भारतीय एवं जापानी पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस कंपनी का मुख्यालय जापान एवं पंजाब में है।

यह समूह करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से धार जिले के पीथमपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र के सेक्टर-7 में करीब 71,200 टन सालाना क्षमता की बीओपीपी एवं सीपीटी फिल्म निर्माण इकाई स्थापित करना चाहता है। यह शत-प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रूप में होगा। इसी सिलसिले में निवेश की अग्रिम कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री से कंपनी पदाधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के सीएफओ एवं होल टाइम डायरेक्टर अमित जैन, कमर्शियल हेड रितेश तिरखा, मैनेजिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिरोशी सुजुकी, जनरल मैनेजर तासुकु सेना, सेक्टर स्टाफ तोमोहिरो कोमा एवं टेक्निकल एडवाईजर तोशीयुकी माकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करते टोपान कंपनी के अधिकारी।

### मप्र में पहली बार निवेश कर रही कंपनी

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी की ओर से मप्र पहली बार निवेश किया जा रहा है। कंपनी मप्र की निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत उपलब्ध निवेश प्रोत्साहन को अधिक से अधिक प्राप्त करना चाहती है। कंपनी पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1988 में टोपान समूह की स्थापना एक भारतीय कंपनी के रूप में हुई थी, जिसे आगे चलकर जापानी समूह की ओर से अधिग्रहित किया गया। कंपनी मुख्य रूप से पैकेजिंग फिल्म, लेबल फिल्म, ग्राफिक लेमिनेशन फिल्म के निर्माण का कार्य करती है। इकाई की पंजाब स्थित विनिर्माण इकाई लगभग 45 एकड़ में स्थापित है। इस समूह का वैश्विक टर्नओवर एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए (14 बिलियन यूएस डॉलर) है।

### मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजन को 33 लाख रुपए का मुआवजा

**भोपाल।** सड़क दुर्घटना में मज़दूर महेश शहरिया की हुई मृत्यु के मामले में भोपाल की एक अदालत ने उसके परिजनों को तैतीस लाख रुपए की राशि दिलाए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। अपर जिला न्यायाधीश संजय अग्रवाल द्वारा यह फैसला सुनाया गया है। जानकारी के अनुसार, महेश शहरिया अपनी पत्नी रेखा के साथ शमशाबाद से अपने घर बालमपुर भोपाल मोटर साइकल से 9 जुलाई 2024 को आ रहा था, एक ट्रेवलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे महेश की मृत्यु हो गई थी एवं पत्नी रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन द्वारा भोपाल अदालत में क्षतिपूर्ति राशि के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि अदालत द्वारा ट्रेवलर के चालक को दोषी पाते हुए ट्रेवलर की बीमा कंपनी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को ब्याज सहित 33 लाख जमा करने के आदेश दिये गये है।

### विद्यार्थी, नागरिक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे शामिल

# 'रन फॉर यूनिटी' के तहत निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोरबा में 'रन फॉर यूनिटी' के तहत एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए एक साथ शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ पटेल स्मारक, कॉलोनी क्षेत्र से हुआ। 'रन फॉर यूनिटी' मार्च ट्रांसपोर्ट नगर चौक, सीएसईबी चौक, महाराणा प्रताप प्रतिमा, ओपन थिएटर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा जैसे प्रमुख स्थानों से होते हुए कोसाबाड़ी तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। इस छह किलोमीटर से अधिक लंबी पदयात्रा में प्रतिभागियों ने अपना जोश और



उत्साह प्रदर्शित किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, महापौर संजू देवी राजपूत और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कोसाबाड़ी चौराहे पर 'रन फॉर यूनिटी' का समापन हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत ने सरदार पटेल के राष्ट्र हित में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया और इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जा रहा है और कोरबा में इसका आयोजन विशेष रूप से हुआ। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

## चिंतन

# शिक्षा के मंदिर पर कैसे पड़ा आतंक का साया

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं जो हमें सांसारिक शिक्षा व बौद्धिक ज्ञान के साथ संस्कार भी देते हैं। वैसे भी हमारी शिक्षा विश्व भर में सर्वश्रेष्ठ रही थी। इसलिए भारत को विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित किया गया था। विश्वभर के लोग, भारत में शिक्षा ग्रहण एवं अध्ययन करने आते थे। हमारे पूर्वज शिक्षित और ज्ञानवान थे। भारतीय ज्ञान, परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। भारतीय समाज, विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोणधारक समाज है। इसके पीछे हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। आज भी स्कूल, कोचिंग, विश्वविद्यालय समाज का सहयोग करने, नई पीढ़ी को सही और गलत का अंतर सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्योंकि यही वे लोग हैं जो हमारे देश का भविष्य बनेंगे और उनके लिए यह जानना बेहद ज़रूरी है कि वे किसी परिस्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे और उसे कैसे संभालेंगे। पहले, शिक्षा भक्ति, विचार और संस्कृति से प्रेरित होती थी, जिसमें व्यवसाय और सीखने जैसी चीज़ों पर ज़ोर दिया जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। यह सच नहीं रहा कि स्कूल और कॉलेज, विश्वविद्यालय ही वो जगहें हैं जहां छात्रों को परिपक्व, सफल और ईमानदार इंसान बनने के लिए उचित माहौल मिलता है। वे पटरी से उतर गए हैं। किसी न किसी तरह वे अपनी राह से भटक गए हैं। इन संस्थानों में अनेक तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। अब फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को ही लें। दिल्ली ब्लास्ट के बाद ये विश्वविद्यालय टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं। अब तक यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में जम्मू-कश्मीर के एलजी द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती कैसे हो गए। क्या विवि ने उनके पूर्व कार्यकाल की जांच तक करना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद 76 एकड़ में फैला यह विश्वविद्यालय जांज एजेंसियों के निशाने पर है। हर पहलू की जांच हो रही है। यह तो जांच के बाद पता लगेगा कि विवि प्रशासन कसूरवार है या नहीं, लेकिन इतना तो तय हो गया है कि इसी शिक्षा के मंदिर में आतंकवाद का सांप पल रहा था, जिसने देश की राजधानी में 18 जिंदगियों को लील लिया। सरकार को ऐसे ही अन्य संस्थानों की कड़ी निगरानी करनी होगी जहां युवा पीढ़ी राह भटक रही है।

## बाल दिवस विशेष

डा. रमेश ठाकुर



# बालमन को समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

बाल समस्याओं की भरमार है। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिन्हें समझने वाले और महसूस करने वालों का अकाल है। आज 'बाल दिवस' है जिसका सीधा संबंध पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा से है। पर, ज्यादातर ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' बने कैसे? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक था। सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में इस दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंड़ति नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवाया और तुरंत अपने अंगरक्षक जोगेंद्र सिह को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़तिजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उनकी उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। पर, नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सम्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में 'बाल दिवस' बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। बाल दिवस के मौके पर आज देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

(लेखक बाल संरक्षण कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चुनावी पूर्वानुमानों में राजग को बहुमत



बिहार चुनाव

प्रमोद भार्गव

**बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।**

बिहार विधानसभा चुनाव में हुए ऐतिहासिक मतदान के बाद आए पूर्वानुमानों ने राजग गठबंधन को स्पष्ट बहुमत से जीत दिला दी है। सभी अनुमान बता रहे हैं कि राजग को आसानी से 122 के जरूरी बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 140 से 150 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है। जबकि वोट चोरी के आरोप को मुद्दा बनाने में लगे रहे राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस को 22 सीटों पर सिमटता दिखाया जा रहा है। प्रशांत किशोर जो बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में नई पार्टी जनसुराज का निर्माण कर दो साल से जोर-शोर से प्रचार करते हुए बिहार की बुनियादी समस्याओं को उभार रहे थे, उन्हें चुनावी सर्वेक्षणों ने मात्र 1 से 3 सीटें मिलते दिखाया है। यानी बिहार का मतदाता फिलहाल बुनियादी मुद्दों के निदान के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है।

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। यह 'सेफोलॉजी' मसलन जनमत सर्वेक्षण विज्ञान के अंतर्गत आता है। भारत के गिने-चुने विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के तहत सेफोलॉजी को पढ़ाने की शुरुआत हुई है। जाहिर है, विषय और इसके विशेषज्ञ अभी अपरिपक्व अवस्था में हैं। परिपक्व चुनाव विश्लेषक के रूप में अब तक योगेन्द्र यादव और फिर प्रशांत किशोर को माना जाता रहा है। इस नजरिए से यादव और किशोर का सम्मान और विश्वसनीयता भी जनता में बरकरार थे, लेकिन बाद में राजनीति से सीधे जुड़ने के बाद वे सर्वे के अनुमानों से बाहर हैं।

सर्वेक्षणों पर शक की सुई इसलिए भी जा ठहरती है कि पिछले कुछ सालों में निर्वाचन-पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ सी आई हुई है। इनमें तमाम कंपनियां ऐसी हैं, जो धन लेकर सर्वे करती हैं। गोया, छोटे पर्दे पर नतीजे इकतरफा नहीं आने के क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने एजेंसियों के सर्वेक्षण पर तंज कसते हुए कहा था कि इन्हें अभी और सीखने की जरूरत है, जिससे परिणाम परिपक्व दिखें। चूंकि कई बार अनुमान सटीक नहीं बैठे, बावजूद एजेंसियों ने कभी दलों और मतदाताओं से विनम्रता के साथ माफी नहीं मांगी। बेबाकी के लिए मशहूर दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक दावा किया था कि 'धन देकर पार्टियां अपने अनुकूल सर्वे करा लेती हैं।' इसे नकारने की बजाय, गंभीरता से लेने की जरूरत है। दिग्विजय सिंह की यह बात भरोसा करने वाली है कि सर्वे संस्थान धन लेकर जनमत सर्वेक्षण करने में लगे हैं। वैसे भी किसी भी प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा का आकलन महज कुछ हजार मतदाताओं की राय लेकर सटीक नहीं जानी जा सकती है। कभी-कभी ये अटकलें खरी उतर जाती हैं। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। इसीलिए पूर्व महाधिवक्ता गुलाम ई वाहनवती ने केंद्र



सरकार को निर्वाचन पूर्व सर्वेक्षणों पर रोक लगाने की सलाह दी थी। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर 'पेड ओपिनियन पोल' में बदल गए हैं। इसीलिए इसके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। गोया, इन पर भरोसा कैसे किया जाए? दरअसल चुनाव आयोग ने 21 अक्टूबर 2013 को सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखकर, चुनाव सर्वेक्षणों पर राय मांगी थी।


दलों ने जो जवाब दिए, उससे मत भिन्नता पेश आई। वैसे भी बहुदलीय लोकतंत्र में एकमत की उम्मीद बेमानी है। जाहिर है, कांग्रेस ने सर्वेक्षण निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले बताए थे। बसपा ने भी असहमति जताई थी। माकपा की राय थी कि निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वेक्षणों के प्रसारण और प्रकाशन पर प्रतिबंध जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का सम्मान करने की बात कही थी। जबकि भाजपा ने इन सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाना संविधान के विरुद्ध माना था। दरअसल ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षण भाजपा के पक्ष में आते रहे हैं। भाजपा ने तथ्य दिया था कि सर्वेक्षणों में दर्ज मतदाता या व्यक्ति की राय भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार क्षेत्र का ही मसला है। तय है, दलों की दलीलें अलग-अलग रुझान, भ्रम और गुमराह की मनस्थिति पैदा करने वाली थीं, इसलिए आयोग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया। राजनैतिक दलों और सर्वेक्षण कंपनियों के जो पैरोकार इन सर्वेक्षणों को अभिवयक्ति की स्वतंत्रता के बहाने जारी रखने की बात कह रहे हैं, उन्हें सोचने की जरुरत है कि संविधान के अनुच्छेद 19-1 में दर्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का दुरुपयोग भी हुआ है। हर एक चुनाव में पेड न्यूज के जरिए दलों और उम्मीदवारों का प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया ने कितना आर्थिक दोहन किया, यह सक्रिय राजनीति

और पत्रकारिता से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है ? दरअसल संविधान की मूल भावना, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की ओट में ही मीडिया का उम्मीद से ज्यादा व्यवसायीकरण हुआ है। मीडिया में मीडिया से इतर व्यवसाय वाली कंपनियों ने बड़ी पूंजी लगाकर प्रवेश किया और देखते-देखते मीडिया के अनेक निष्पक्ष स्वायत्त घरानों, मंचों, पत्रकार समितियों व संस्थानों पर कब्जा कर लिया। नतीजतन मीडिया पर स्वामित्व मुट्ठी भर लोगों का हो गया। इसी का परिणाम है कि भूमि, खनिज, शराब और चिटफंड कंपनियों का भारतीय मीडिया पर एकाधिकार हो गया है। जाहिर है, पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# क्षमा करें और भूल जाएं




संकलित

दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा-'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर विपरीत असर डालता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- राजेश सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### भारत-नेपाल रेल संपर्क



भारत और नेपाल के बीच विनिमय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे दोनों देशों के बीच रेल व्यापार संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठक के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### टीबी मुक्त भारत अभियान



टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, आधुनिक निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### ईवी बस सेवा



दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नवीकरणीय ऊर्जा



कल्पना कीजिए कि आपके पास 6-लेन का राजमार्ग है, जिसका एक हिस्सा केवल दो लेन का है। वहां ट्रैफिक जाम होगा, राजमार्ग पर गति का लाभ खो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में यही हो रहा है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय रेस्तरां को बचाने ब्रिटिश शेफ आगे आएं



ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह 'जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। खानसामों ने पत्र में लिखा, 'ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'

## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### नया विधेयक, 1966 के बीज अधिनियम और बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 का स्थान लेगा

# सरकार ने बीज मसौदा विधेयक-2025 पर लोगों से 11 दिसंबर तक मांगे सुझाव

**नए विधेयक का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज सुनिश्चित करना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और व्यापार सुगमता बढ़ाना है**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषि एवं नियामक मौजूदा आवश्यकताओं के अनुरूप बीज विधेयक, 2025 का मसौदा तैयार किया है। प्रस्तावित विधेयक मौजूदा बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 का स्थान लेगा।

बीज विधेयक, 2025 के मसौदे में बाजार में उपलब्ध बीजों और रोपण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, किसानों को किफायती दरों पर अच्छे बीज उपलब्ध कराना, नकली और घटिया बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना, किसानों को हानि से बचाना, नवाचार को बढ़ावा देना, बीज की वैश्विक किस्मों को किसानों तक पहुंचाने के लिए बीज आयात को उदार बनाना और बीज आपूर्ति श्रृंखलाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही द्वारा किसानों के अधिकारों की रक्षा का प्रस्ताव है।

नए बीज मसौदा विधेयक में नगण्य श्रेणी के अपराधों को अपराधमुक्त किया जाना प्रस्तावित है, जिससे व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिले और अनुपालन का बोझ कम हो। हालांकि इसके साथ ही अपराध के गंभीर उल्लंघन पर दंड के कड़े प्रावधान बनाए रखे गये हैं। विधायी प्रक्रिया से पूर्व परामर्श दौर में बीज विधेयक, 2025 का मसौदा और निर्दिष्ट प्रतिक्रिया का प्रारूप मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट https://agriwelfare.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

सभी हितधारकों और लोगों से मसौदा विधेयक और इसके प्रावधानों पर अपनी टिप्पणियां और सुझाव अपेक्षित हैं। प्रतिक्रियाएं jsseeds-agri@gov.in पर ईमेल द्वारा भेजी जा सकती हैं। प्रतिक्रिया संबंधी प्रविष्टियां एमएस वर्ड या पीडीएफ प्रारूप में 11 दिसंबर, 2025 तक भेजी जा सकती हैं।

### उर्वरक विभाग ने कृषि और किसान कल्याण विभाग के साथ अभियान चलाया

# उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ पूरे देशभर में बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उर्वरक विभाग (डीओएफ) ने कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू) के साथ सक्रिय समन्वय में खरीफ और चालू रबी सीजन 2025-26 (अप्रैल से नवंबर) के दौरान किसान हितों की रक्षा और राष्ट्रीय उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने एक व्यापक अभियान संचालित किया।

वितरण नेटवर्क की निगरानी के लिए देश भर में कुल 3,17,054 निरीक्षण और छापे मारे गए। इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप कालाबाज़ारी के लिए 5,119 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 3,645 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए और देश भर में 418 एफआईआर दर्ज की गईं। जमाखोरी के खिलाफ अभियान में 667 कारण बताओ नोटिस, 202 लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण और 37 एफआईआर दर्ज की गईं। हेरा-फेरी रोकने के लिए, अधिकारियों ने 2,991 कारण बताओ नोटिस जारी किए, 451 लाइसेंस रद्द/निलंबित किए और 92 एफआईआर दर्ज कीं। सभी प्रवर्तन कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के अंतर्गत की गईं, जिससे सख्त अनुपालन और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

कई राज्यों ने बहुआयामी हस्तक्षेप के साथ एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया। उत्तर प्रदेश ने इस अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें 28,273 निरीक्षण किए गए, कालाबाजारी के लिए 1,957 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और 157 एफआईआर के साथ 2,730 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए। बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात उन अन्य राज्यों में शामिल हैं जिन्होंने मजबूत प्रवर्तन का प्रदर्शन किया, व्यापक स्तर पर निरीक्षण दलों की तैनाती की गई, व्यापक निगरानी के साथ-साथ त्वरित कानूनी कार्रवाई की गई। महाराष्ट्र के अभियान में डायवर्जन-संबंधी उल्लंघनों के लिए 42,566 निरीक्षण और 1,000 से अधिक लाइसेंस रद्द करना शामिल था; राजस्थान ने विभिन्न श्रेणियों में व्यापक कार्रवाई के साथ 11,253 निरीक्षण किए।

प्रवर्तन दलों ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर संदिग्ध घटिया उर्वरकों के मामलों में 3,544 कारण बताओ नोटिस जारी किए, जिसके परिणामस्वरूप उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के सख्त पालन के तहत 1,316 लाइसेंस रद्द या निलंबित किए गए और 60 एफआईआर दर्ज की गईं। आपूर्ति श्रृंखला से घटिया सामग्री को हटाने के लिए कई स्तरों पर नियमित रूप से नमूने लिए गए और गहन परीक्षण किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले उर्वरक ही अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंचें। इन निरंतर गुणवत्ता जांचों के माध्यम से, केंद्र और राज्य प्राधिकरणों ने किसानों के हितों की रक्षा करने के अलावा उर्वरक वितरण नेटवर्क की अखंडता को बनाए रखी।

इस संदर्भ में सचिव डीए एंड एफडब्ल्यू और सचिव उर्वरक ने राज्य सरकारों के साथ कई संयुक्त बैठकें कीं और निकट समन्वय से कार्य करते हुए, जिला अधिकारियों द्वारा छापे, निरीक्षण और कालाबाजारी, जमाखोरी तथा उर्वरकों में मिलावट को रोकने के लिए कानूनी उपायों सहित व्यापक स्तर पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई है।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने शिकायतों को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# म्हारी सड़क एप' की शिकायतों पर लिया संज्ञान, 19 कार्यकारी अभियंताओं पर कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क एप' की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के सम्बंधित 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, एचएसएएमबी के 6, एसएसआईआईडीसी के 2, जिला परिषद का 1, यूएलबी के 5 और एसएसवीपी के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है। सैनी ने यह भी निर्देश दिए कि छोटी व बड़ी शिकायतों का वर्गीकरण कर तय समय सीमा में निस्तारण करना भी सुनिश्चित किया जाए। एप पर जो नागरिक गड्ढों की फोटो डालकर जानकारी देता है तो उससे बात भी करें। उन्होंने एप के संबंध में अधिकारियों को प्रशिक्षण भी देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार तैय समय सीमा में शिकायतों का निवारण नहीं कर रहे हैं, संबंधित विभाग उनके खिलाफ भी कार्यवाही करे। सैनी ने ये निर्देश चंडीगढ़ में 'म्हारी सड़क एप' पर शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो भी कार्य दिया जाता है या लोगों की कोई शिकायत आती है तो उसका समाधान धरातल पर शत प्रतिशत दिखना चाहिए। अधिकारी आम जनता द्वारा एप पर भेजी गई सड़कों की शिकायतों के पूर्ण समाधान के बाद ही शिकायत को बंद करे, यदि शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। प्रदेश की सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगना सुनिश्चित किए जाए। सैनी ने कहा म्हारी सड़क एप पर शिकायत आते ही उसको तय समय सीमा में पूरा किया जाए। यदि कोई अधिकारी शिकायत का समय पर समाधान नहीं करता या गलत जानकारी देता है तो उसके खिलाफ विभाग सख्त कार्यवाही करे।

### यूआईडीएआई ने ईसीआई को जानकारी दी

# पश्चिम बंगाल में 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' मिले

एजेंसी ⏭ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में आधार पहचान प्रणाली की शुरुआत के बाद से अब तक करीब 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है। यूआईडीएआई ने बताया कि राज्य में लगभग 13 लाख ऐसे लोग भी थे जिनके पास आधार कार्ड नहीं था, लेकिन अब उनकी मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और यूआईडीएआई अधिकारियों की बैठक में साझा की गई। बैठक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत हुई, जिसका उद्देश्य मृत, फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यदि किसी आवेदक का नाम ऐसे व्यक्ति के साथ जुड़ा पाया गया जो आधार डाटाबेस से हटाया जा चुका है, तो संबंधित अधिकारी उसे सत्यापन के लिए बुला सकता है। मतदान अधिकारियों ने बताया कि चूंकि अधिकांश आधार बैंक खातों से जुड़े हैं, इसलिए बैंकों से भी उन खातों की जानकारी ली जा रही है जिनमें वर्षों से केवाईसी अपडेट नहीं हुआ, ताकि मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें।

### एसआईआर का दूसरा चरण

## देश के 12 राज्यों में 37 करोड़ वोटरों ने लिया प्रपत्र

देश के 12 राज्यों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में एक और रिकॉर्ड आयोग ने अपने नाम किया है। इसके तहत 12 नवंबर तक 37 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र- ईएफ वितरित किए गए हैं। आयोग ने कहा कि कोई वैध मतदाता छूटे न और अवैध मतदाता जुड़े न इस भावना के साथ आयोग काम कर रहा है। यद्यपि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 50.69 करोड़ ईएफ मुद्रित किए गए हैं।इस तरह से मुद्रण का काम 99.41 फीसदी पूरा हो गया है। इसमें से 72.66 प्रतिशत 37.05 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरु किया है।

### प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

# स्थिति बहुत गंभीर है! अभी मत आइए अदालत, मास्क को बताया 'अपर्याप्त'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल गंभीर चिंता जताई है बल्कि एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति 'बहुत गंभीर' है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदूकर की पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है! आप सभी यहां क्यों उपस्थित हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। कृपया इसका लाभ उठाएं। यह प्रदूषण स्थायी नुकसान पहुंचाएगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम मास्क का उपयोग कर रहे हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मास्क भी पर्याप्त नहीं हैं।

#### सीजेआई की बेंच कर रही सुनवाई

एक दिन पहले ही यानी बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से उनके राज्यों में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब की है। पराली जलाना दिल्ली और गंगा के मैदानी इलाकों के अन्य राज्यों में वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है।

#### वायु प्रदूषण से ये परेशानी होगी

'गंभीर' एक्यूआई स्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है और सांस या हृदय संबंधी समस्याओं वाले लोगों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है। राजधानी और आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इमारतें और सड़कें मुश्किल से दिखाई दे रही हैं।



# ओलंपिक में 100 साल बाद दिखेगा क्रिकेट, महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई और पुरुषों का 29 को

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स ओलंपिक आयोजकों ने 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि 'सुपर शनिवार' का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा।




### 100 साल बाद क्रिकेट की हो रही वापसी

*क्रिकेट 100 साल से अधिक समय बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है, जिसमें महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई 2028 और पुरुषों का फाइनल 29 जुलाई 2028 को होगा। बेसबॉल को भी दोबारा शामिल किया गया है, जिसके मुकाबले 13 जुलाई से डॉजर स्टेडियम में होंगे ताकि खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार अमेरिकी फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश जैसे नए खेल जोड़े गए हैं, जबकि लैक्रोस 1908 के लंदन ओलंपिक के बाद एक बार फिर वापसी करेगा।*




### महिला खिलाड़ियों पर दिया गया विशेष जोर

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

### ओलंपिक में पहली बार होगा ऐसा

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है, ताकि खिलाड़ियों को ठंडे और अनुकूल मौसम में प्रदर्शन करने का अवसर मिले।

### सुपर शनिवार में 23 खेल होंगे

तैराकी प्रतियोगिताओं को दूसरे सप्ताह में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि सोफी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ-साथ तैराकी स्पर्धाएं भी होंगी। 29 जुलाई को सुपर शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 23 खेलों की 26 फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 15 टीम इवेंट्स के स्वर्ण और कांस्य मुकाबले तथा 15 व्यक्तिगत खेलों के फाइनल शामिल हैं। मैराथन दौड़ें अंतिम सप्ताहांत में होंगी। महिलाओं की 29 जुलाई को और पुरुषों की 30 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

### जनवरी से मिलेंगे टिकट

लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण जनवरी में शुरू होगा। लगभग 1.4 करोड़ टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कीमतों की जानकारी बाद में जारी की जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि टिकटों पर गतिशील मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू नहीं होगी। अमेरिका के विभिन्न शहरों में खेले जाने वाले ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट और लॉस एंजिल्स पैरालंपिक से जुड़ी जानकारी भी आगामी समय में घोषित की जाएगी।

एशियाई तीरंदाजी

## ज्योति सहित भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप के साथ मिलकर महिला टीम वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला टीम ने कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी।

### ज्योति ने हराया हमवतन प्रितिका को

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में 17 साल की हमवतन प्रितिका पर 147-145 से जीत दर्ज कर खिताब जीता। ज्योति ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की सि यु चेन को 149-143 से हराने के दौरान केवल एक अंक गंवाया था जबकि प्रितिका ने अंतिम चार में घरेलू प्रबल दावेदार कुलसुम अख्तर मोन को 146-145 से पराजित किया था।

### अभिषेक और दीपशिखा ने जीता स्वर्ण पदक

कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। हालांकि कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान से 230-229 से हार का सामना करके रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामेतोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे।

पहला टेस्ट सुबह 9:30 बजे से कोलकाता में

## टीम इंडिया घरेलू मैदान का उठाना चाहेगी फायदा दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों से निपटना कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में आमने सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं।

## लक्ष्य जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो (जापान)



भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय को हालांकि 46 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के के हाथों 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली।

## भारतीय महिला टेनिस टीम की अग्निपरीक्षा आज से

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला टेनिस टीम बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) क्वालीफायर्स में जगह बनाने के लिए आज शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को घरेलू मैदान पर हराने की उम्मीद के साथ कोर्ट पर उतरेगी। भारतीय टीम चार नवंबर से शहर में डेरा डाले हुए है। गैर खिलाड़ी कप्तान विशाल उप्पल ने उम्मीद जताई कि 10 दिवसीय अभ्यास शिविर से उनके खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। भारत नीदरलैंड और स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में है। भारतीय अभियान का नेतृत्व सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे करेंगे।शुक्रवार को नीदरलैंड और स्लोवेनिया के बीच मुकाबला होगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा और उसके बाद रविवार को वह सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड से भिड़ेगा। यह पहला अवसर है जबकि भारत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

## यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह की पक्की

**तूरिन (इटली)।** गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है।

## पाक में धमाके के बावजूद श्रीलंका खेलेगी पूरी सीरीज

**इस्लामाबाद।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अपनी टीम को पाकिस्तान का दौरा जारी रखने का आदेश दिया है। कई खिलाड़ियों ने घर लौटने की इच्छा जताई थी, लेकिन बोर्ड ने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर औपचारिक समीक्षा की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह खिलाड़ियों के स्थान पर नए खिलाड़ी भेजेगा। बता दें, हमले में 12 लोगों की मौत और 27 घायल हुए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे और तीसरे वनडे मैचों का शेड्यूल बदल दिया है। अब दूसरा मैच गुरुवार की बजाय शुक्रवार (14 नवंबर) और तीसरा मैच शनिवार की बजाय रविवार (16 नवंबर) को रावलपिंडी में खेला जाएगा। पीसीबी के प्रमुख और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया पर नया कार्यक्रम साझा करते हुए श्रीलंकाई टीम का आभार जताया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## तुर्किए के बाद अब यूक्रेन से ड्रोन खरीदने में जुटा पाकिस्तान!

# यूक्रेन के पास हैं एआई संचालित ड्रोन, हाल ही में उड़ा चुके हैं रूसी बमवर्षक विमानों के परखच्चे

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल के दो बड़े आतंकवादी हमलों को देखा जाए तो उनमें से एक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला और दूसरा 10 नवंबर की रात में लाल किले के पास हुआ हमला है। दोनों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकवादी संगठनों का ही कनेक्शन सामने आया है। जिसे ऑपरेशन सिंदूर से लेकर आज तक दुनियाभर के देशों की तरफ से सैन्य हथियारों की सप्लाई की जा रही है और वो इनकी मदद से ही भारत के खिलाफ मोर्चा ले रहा है। ताजा मामला पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन से की जा रही ड्रोन की खरीद से जुड़ा हुआ है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस बाबत दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत जारी है। खरीद के बाद पाकिस्तानी ड्रोन की इस खेप को शाहीन यूकेव (यूसीएवी) के नाम से जाना जाएगा। यहां बता दें कि पाकिस्तान यूक्रेन से सैन्य हथियारों की पहली बार खरीद नहीं कर रहा है। बल्कि वह बीते करीब तीन दशक से यूक्रेन में बनाए गए हथियारों को खरीद रहा है।

### यूक्रेन ने पाक को दिए 1.6 अरब के हथियार

यूक्रेन और पाकिस्तान को दुनिया दो पुराने रक्षा साझेदारों के तौर पर जानती है। दुनियाभर के देशों में जारी सैन्य सामग्री, हथियारों की खरीद का विश्लेषण करने वाले ग्लोबल थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सिपरी की एक रिर्पोट के मुताबिक, वर्ष 2020 तक यूक्रेन ने पाकिस्तान को कुल करीब 1.6 अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री की है।



### तुर्किए के ड्रोन से किया हमला

बीते वक्त में पाकिस्तान को दुनिया के कई देशों से भरपूर सैन्य मदद मिली है। जिसमें चीन और तुर्किये मुख्य रूप से शामिल हैं। जबकि सऊदी अरब के साथ पाकिस्तान ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए रक्षा समझौता तक कर लिया है। पहलगाम के जवाब में 7 से 10 मई की दरमियानी रात में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्यवाही से तिलमिलाए पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा पर जिन करीब 500 से 700 ड्रोन से हमला बोला था। उनमें से अधिकतर तुर्किए में निर्मित असिसगार्ड सोंगर ड्रोन ही थे। इनमें से ज्यादातर को भारत ने अपनी धरती पर कोई बड़ा नुकसान करने से पहले ही मार गिराया था। इन सबके बीच अब अगर यूक्रेन-पाकिस्तान के बीच ड्रोन को लेकर समझौता परवान चढ़ता है तो तुर्किए की तरह ही अब यूक्रेनी ड्रोन पाकिस्तानी सेना के बेड़े की ताकत बढ़ाते हुए नजर आएंगे।

### भारत के लिए यूं बढ़ेगी चिंता

यूक्रेन-पाकिस्तान के बीच ड्रोन की इस खरीद प्रक्रिया को लेकर एक ऐसे वक्त में सुगबुगाहट तेज हुई है। जब यूक्रेन न केवल रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। बल्कि उसने हालिया समय में रूस के बमवर्षक विमानों को कई हजारों किलोमीटर की दूरी पार करते हुए अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित ड्रोन से मार गिराया है। ऐसे में अगर ये ड्रोन सिस्टम भारत के शत्रु देश पाकिस्तान के हाथ लग गए तो यह भारत के लिए क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरे का सबब बन सकते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका सहित पश्चिमी दुनिया के तमाम विकसित देश भारत पर रूस का विरोध करने का दबाव बना रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध रोकने के लिए मना सकते हैं। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि भारत द्वारा रूस से जारी तेल की खरीद की वजह से नई दिल्ली, मास्को को यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए धन मुहैया करा रही है। भारत ने हालांकि रूस से जारी तेल खरीद को लेकर अपना पक्ष बहुत पहले ही विश्व के सामने साफ कर दिया है।




# विदेशों से कुशल कर्मी आएंगे, अमेरिकियों को प्रशिक्षण देकर वापस अपने घर जाएंगेः बेसेंट



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एच1बी वीजा की फीस को 1 लाख डॉलर तक पहुंचाने के बाद अमेरिका में प्रतिभाओं की कमी के चलते विदेशों पर बनी हुई निर्भरता वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान का अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बचाव किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारा विजन 'नॉलेज ट्रांसफर' से जुड़ा हुआ है, जिसमें हम कुशल और प्रशिक्षित कर्मियों को विदेशों से लाएंगे। जो अमेरिका के लोगों को यहां स्वदेश में आकर प्रशिक्षण देंगे और फिर अपने देश वापस लौट जाएंगे। इस तरह से वो हमारे लोगों या कर्मियों की जगह नहीं लेंगे। यह वो तमाम कुशल कर्मी होंगे जो हमारे देश में तीन, पांच या सात साल तक अमेरिकी कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे और उसके बाद वो अपने देश वापस लौट सकते हैं। इनके लौटते ही पूरे कामकाज की बागडोर अमेरिकी कर्मी संभाल लेंगे। यह जानकारी अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को बीते बुधवार को दिए एक साक्षात्कार में दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने बयान में एच1बी वीजा के संदर्भ में कहा था कि अमेरिका में कुछ विशेष क्षेत्रों (रक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, चिकित्सा, आईटी) में कुशल-अनुभवी प्रतिभाओं की कमी है। जिसकी वजह से हमें दुनिया के बाकी देशों पर निर्भर रहना पड़ता है।

### अमेरिका में लगेगी सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री

बेसेंट के मुताबिक, लगभग दो से तीन दशक पहले अमेरिका ने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भी आउटसोर्सिंग की थी। लेकिन अब राष्ट्रपति की सोच दशकों की इस कवायद के बाद मैन्युफैक्चरिंग से लेकर जहाज निर्माण और सेमीकंडक्टर जैसे उद्योगों को एक बार फिर से देश के अंदर खड़ा करने की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में अमेरिकियों के पास इन क्षेत्रों से जुड़ी हुई नौकरियां नहीं हैं। क्योंकि हम अमेरिका में जहाज से लेकर सेमीकंडक्टर का निर्माण नहीं कर रहे हैं। हमारा विजन है कि विदेशी साझेदार अमेरिका में आकर हमारे लोगों को प्रशिक्षण दें, उन्हें कुशल बनाएं और उसके बाद अपने देश वापस लौट जाएं। यही तो वास्तविक सफलता है।

### ट्रंप के बयान का सार

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि हमारे देश में कुछ विशेष क्षेत्रों के लिए पर्याप्त प्रतिभा नहीं है। जिसके चलते हमें विदेशों पर निर्भरता रखनी पड़ती है। उन्होंने ये भी कहा कि ये खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग और रक्षा जैसे कुछ ऐसे विशेष क्षेत्र हैं, जिनके लिए अमेरिका को विशेषज्ञों की आवश्यकता पड़ती है। इन लोगों को देश के अंदर यानी घरेलू स्तर पर तुरंत तैयार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि अमेरिका के पास इनकी कमी है। इसलिए लोगों को इनके संबंध में सीखना पड़ता है और हमें इस संबंध में पूर्ति के लिए दुनिया के बाकी देशों पर निर्भर रहना पड़ता है।

